utter it straight. And because Prahlada was always repeating the Name “Hari” (the Name of Lord Vishnu), appeared as Lord Nrusimha and killed his demon-father Hiranyakashipu and saved him. Like this there are innumerable examples to show how the devotees have been benefited by chanting the Divine Name, as also the great Power of the Lord's Name.

Worshipful Gurudev Swami Sivanandaji Maharaj says that no matter whether you are a Vedantin or a Raja Yogi or a Karma Yogi or a Bhakta you should not leave the practice of the Divine Name. It should be an integral part of everybody's Sadhana. It is essential for every spiritual seeker or Sadhak or devotee. Such is the benefit of chanting the Divine Name. All Names of God are equally powerful and efficacious, and grant equal benefit.

तस्मादहर्निशं विष्णुं संस्मरन् पुरुषो मुने ।

न याति नरकं शुद्धः संक्षीणाखिलकल्मषः ।।

By constantly remembering Vishnu, day and night, man never goes to hell, because all his sins are washed away and he becomes free from all taint of sins.

--Vishnupurana

At the end of the Dwapara Age and beginning of Kali Age, Devarshi Narada asked Lord Brahma as to how he can face the Kali Age, since it has so much of impurities and troubles. In reply Lord Brahma said that just by chanting the Name of Lord Narayana, one can destroy the bad effects of Kali Age. This Name is **"HARE RAMA HARE RAMA RAMA RAMA HARE HARE, HARE KRISHNA HARE KRISHNA KRISHNA KRISHNA HARE HARE"**. It is called the Mahamantra, or the Great Mantra, consisting of sixteen Names of the Lord. By chanting this Mahamantra, the defects of Kali Age are destroyed. There are also no rules or restrictions for its chanting. It can be chanted by anybody, in any condition, whether pure or impure, clean or unclean, and at anytime, anywhere. No special qualifications are required for this either, and it is available and open to all, without any distinction or discrimination. By chanting this one Mantra, one can get all benefits and even Liberation, of the type Salokya (remaining in the same realm as that of God), Samipya (remaining in the proximity of God), Sarupya (attaining the same form as that of God), or Sayujya (being united with God). Hence one can understand its efficacy, power, and benefit, which is available for everybody.

Therefore, when the World War II was going on, and was at its peak, for bringing about an end to it, and for World Peace Gurudev Swami Sivanandaji Maharaj had started the Akhanda (continuous) Kirtan of Mahamantra in the Bhajan Hall of Sivananda Ashram, on 3rd December, 1943. The War came to an end very soon, in 1945, and thereafter also Gurudev advised to continue this continuous chanting of Mahamantra, for World Peace and Welfare of all mankind. And to this day it is continuing in Sivananda Ashram, and everybody should try to take part in it, for one's own benefit and for greater success and greater effect of the chanting. It is a great blessing of God that the Platinum Jubilee 75th Anniversary of the Akhanda Mahamantra Kirtan is being celebrated this year, and it is a very great auspicious thing for all.

सरसिजनयने सशंखचक्रे मुरभिदि मा विरमस्व चित्त रन्तुम् ।

सुखकरमपरं न जातु जाने हरिचरणस्मरणामृतेन तुल्यम् ।।

O Mind, never desist from taking delight in Murari whose eyes are comparable to lotus petals and who has for his emblem the conch and the discus. I do not at all know of anything else equivalent to the ambrosial remembrance of the feet of Hari in conferring bliss on us.

-Mukunda Mala-10

चक्रायुधस्य नामानि सदा सर्वत्र कीर्तयेत् ।

नाशीचं विद्यते तस्य स पवित्रकरो यतः ।।

Constantly sing or repeat the Name of God. At all times and in all places, sing the name of the Lord. Nothing is impure to Him. He is the purifier of all.

-Vishnupurana

Grurudev Swami Sıvanandaji Maharaj in his Poorvashram was from a Tamil Iyer Brahmin family Iyers are traditionally worshippers of Lord Siva. So, from the beginning Swamiji had great devotion for Lord Siva. When as Dr. Kuppuswami, he returned to India from Malaya (present Malaysia), and after a brief visit to his native place Pattamadai, he left home and renounced the world, he first visited Benares (Varanasi) and had Darshan of Lord Vishwanath (Lord Siva) and paid respects to Him. During his Swargashram days when he was doing Tapasya, he used to cross the Ganga and come to this side to do deep meditation in the area where Sivananda Ashram is located now. At that time it was all dense forest. After sometime, during his meditation in 1930 he had God-realisation, and had Darshan of Lord Krishna. It was at the place where the Vishwanath Temple now stands. Afterwards the idea came to Gurudev to establish the Vishwanath Temple at that very sacred place, and the Temple was consecrated on 31st December, 1943, and Lord Vishwanath was installed there in that Temple. Accordingly we have the Vishwanath Temple today in our Holy Sivananda Ashram. The Platinum Jubilee 75th Anniversary of the Installation of Sri Vishwanath Temple also falls this year in December, on 31st and is being celebrated in Sivananda Ashram.

किं तस्य बहुभिर्मन्त्रैर्भक्तिर्यस्य जनार्दने ।

नमो नारायणायेति मन्त्रः सर्वार्थसाधकः ।।

Of what avail are the numerous mantras to him, who is devoted to Janardana? "Salutations to Narayana" (Namo Narayanaya) is a mantra that can fulfill all our desires.

-Pandava Gita-64

नारायणेति मन्त्रोऽस्ति वागस्ति वशवर्तिनी ।

तथापि नरके घोरे पतन्तीत्यद्भुतं महत् ।।

The saving word "Narayana' is available to all and the faculty of speech is always under our benign control. Nevertheless, human beings are tumbling into the gruesome Naraka (hell). This is amazing indeed!

-Pandava Gita-63

Both these holy events, the Akhanda Mahamantra Kirtan and installation of Sri Vishwanath Temple, are very auspicious and have added greatly to the sanctity and holy atmosphere of the Holy Sivananda Ashram, giving immense spiritual benefit to one and all. It will be in the interest of everybody to take full advantage of the two sacred places Bhajan Hall and Sri Vishwanath Temple by extending support for these holy activities, chanting the Mahamantra and worshipping Lord Vishwanath and praying to Him, and participating in them actively and wholeheartedly, It is a great blessing for all, and the grace of God Almighty and blessing of Worshipful Gurudev Swami Sivanandaji Maharaj that the Twin Platinum Jubilee Celebrations are being observed by the Holy Ashram this year in December. May God and Gurudev bless all!

GLORY OF NAMA SANKIRTAN

Sri Swami Padmanabhananda

नाम संकीर्तनं यस्य सर्वपापप्रणाशनम् ।

प्रणामो दुःखशमनस्तं नमामि हरिं परम् ।।

-S.B. 12-13-23

I offer my salutations to that Hari, by chanting whose name man is freed from all sins, and by prostrations to whom, he is saved from all misery.

Worshipful Gurudev Sri Swami Sivanandaji Maharaj in his Universal Prayer fervently prays

Let us ever sing Thy glories.
Let Thy name be ever on our lips.

To enable the Sannyasis, Brahmacharis and guests of the
Sivananda Ashram to practice the above mentioned two
Sadhanas, Sri Gurudev started Akhanda Kirtan of Mahamantra

Hare Rama Hare Rama Rama Rama Hare Hare
Hare Krishna Hare Krishna Krishna Krishna Hare

at the Bhajan Hall of Headquarters Ashram on 3rd December 1943.

सेयं वदनवल्मीकवासिनी रसनोरगी।

या न गोविन्द गोविन्द गोविन्देति प्रभाषते ।।

That tongue which does not utter Govinda, Govinda, Govinda, is a serpent in the cavity of the mouth.

-Vishnusahasranama Bhashyam

गोकोटिदानं ग्रहणेषु काशी प्रयागगङ्गायुतकल्पवासः ।

यज्ञायुतं मेरुसुवर्णदानं गोविन्दनामस्मरणेन तुल्यम् ।।

Gifting away a crore of cows, bath in the sacred Kashi during the eclipse, dwelling on the banks of Ganges at Prayag for Ages, performance of thousands of sacrifices and the gift of gold as immense as the Mount Meru all there yield no more spiritual reward than the remembrance of the Name: 'Govinda."

-Pandava Gita-47

Gurudev has written over 300 books covering all aspects of spiritual practice like Hatha Yoga, Jnana Yoga, Bhakti Yoga, Dhyana Yoga, Raja Yoga etc. His emphasis was always on

Sankirtan. Highlighting the glory of Sankirtan, Sri Gurudev says, "Sankirtan is the easiest, surest, safest, quickest way for attaining God-consciousness. The singing of the Names of the Lord helps the devotees to control their minds easily. It elevates the mind at once from its old ruts or grooves to magnanimous heights of divine splendour and glory."

प्रगायतः स्ववीर्याणि तीर्थपादः प्रियश्रवाः ।

आहूत इव मे शीघ्रं दर्शनं याति चेतसि ।।

The great advantage of chanting the Name of the Lord is that it immediately makes us feel His presence in our heart as if He has promptly responded to our calling Him by His name.

-Srimad Bhagavata 1.6.34

Revered as 'Sankirtan Samrat, Sri Gurudev has composed a number of Kirtan Dhwanis which he used to sing ecstatically. They are sung till today in the holy Ashram and its branches all over the world.

Sankırtan Yoga is suitable for all types of people and for all times as it includes in itself Jnana, Bhakti, Dhyana, Pranayama etc. It helps us to forget the world and gives peace and joy.

जन्मैश्वर्य श्रुतश्रीभिरेधमानमदः पुमान् ।

नैवार्हत्यभिधातुं वै त्वामकिञ्चनगोचरम् ।।

The man whase vision is clouded by the pride of birth, wealth, learning and good fortune is not fit even to praise Thee who art easily attainable by the poor and the sinless.

-Srimad Bhagavata 1.8.26

दानं स्वधमर्मोनियमो यमश्च श्रुतं च कर्माणि च सव्रतानि ।

सर्वेमनोनिग्रहलक्षणान्ताः परो हि योगो मनसः समाधिः ।।

-S.B. 11-23-46

Charity, discharge of one's duties, practice of Yama and Niyama, study of scriptures, various kinds of rituals and vows all these aim at control of mind. Subjugation of mind and its establishment in peace is Samadhi. It is the highest Yoga

Sankirtan Yoga, singing of Bhagavan's Name helps one to achieve that peace and tranquility effortlessly. Gurudev has graciously given the best opportunity for everyone to practice this Yoga.

May the compassionate Lord and Sri Gurudev bless us all to devoutly practice Sankirtan Yoga and thereby attain divine communion.

त्वय्येव न्यस्तचित्तः सुखमयि विचरन् सर्वचेष्टास्त्वदर्थं।

त्वद्भक्तैः सेव्यमानानपि चरितचरानाश्रयन् पुण्यदेशान् ।

दस्यौ विप्रे मृगादिष्वपि च सममति मुच्यमानावमान

स्पर्धासूबादिदोषः सततमखिलभूतेषु संपूजये त्वाम् ।।

With my mind resting in Thee and with all my actions dedicated to Thee, I shall go about from one holy place to another where Thy devotees are now living or had once lived. Being even-minded towards robbers, good men and animals, and abandoning craving for honor, resentment for dishonor, enmity, envy and the like, may I adore Thee as manifested in all beings.

-Narayaneeyam 97.2

कृष्णाय वासुदेवाय देवकीनन्दनाय च ।

नन्दगोपकुमाराय गोविन्दाय नमो नमः ।।

I bow again and again unto Sri Krishna, Vasudeva, the joy of Devaki, the beloved darling of Nandagopa and unto Govinda (the protector of cows).

-Srimad Bhagavata 1.8.21

भगवन्नाम का माहात्म्य

श्री स्वामी शिवानन्द जी महाराज

ईश्वर के नाम का जप अनोखे आनन्द को जन्म देता है। इसका वर्णन करना कठिन ही नहीं, असम्भव भी है। भगवन्नाम हमारे अन्दर एक प्रकार की अलौकिक शक्ति भर देता है। वह हमारे स्वभाव में आश्चर्यजनक परिवर्तन कर

देता है। वह मनुष्य को देवताओं के समान गुणों से अलंकृत कर देता है। वह हमारे पुराने पापों, वासनाओं, संकल्पों, सन्देहों, काम वासनाओं, मलिन चित्त वृत्तियों तथा अनेक प्रकार के संस्कारों को नष्ट कर देता है।

ईश्वर का नाम कैसा मधुर है। उसमें कैसी अनोखी शक्ति है। वह कितनी शीघ्रता से आसुरिकता को सात्विकता में परिणत कर देता है। वह ईश्वर से साक्षात्कार करा देता है और साधक परमात्मैक्य का अनुभव करने लगता है।

भगवन्नाम चाहे जाने में लिया जाये चाहे अनजाने में, चाहे भावपूर्वक लिया जाये चाहे लापरवाही से, चाहे ठीक से लिया चाहे गलती से, वह वांछित फल की प्राप्ति अवश्य करायेगा। बुद्धि-विलास और तर्क-संघर्ष द्वारा ईश्वर के नाम की महिमा का मोल नहीं आँका जा सकता। ईश्वर के नाम का महत्त्व तो केवल श्रद्धा, भक्ति तथा सतत जप के अभ्यास से ही समझा और अनुभव किया जा सकता है। प्रत्येक नाम में अनन्त शक्तियों का भण्डार है। नाम की शक्ति अकथनीय है। उसकी महिमा अवर्णनीय है। ईश्वर के नाम की शक्ति अपरिमित है।

जिस प्रकार जलने योग्य प्रत्येक वस्तु को जला देने की स्वाभाविक शक्ति अग्नि में है, उसी प्रकार ईश्वर के नाम में भी पापों, संस्कारों और वासनाओं को जलाने की तथा अनन्त आनन्द और अमर शान्ति प्रदान करने की शक्ति है। जैसे कि दावाग्नि में वृक्ष, काष्ठ आदि को जलाने की शक्ति स्वाभाविक है, उसी प्रकार ईश्वर के नाम में पाप-रूपी वृक्ष को उसकी जड़ और शाखाओं सहित जला डालने की अद्भुत और स्वाभाविक शक्ति है। ईश्वर का नाम भाव समाधि द्वारा भक्त को ईश्वर से मिला देता है और भक्त ईश्वर से ऐक्य का अनुभव करके नित्यानन्द को प्राप्त होता है।

सत्यं ब्रवीमि देवेशि श्रुत्वेदमवधारय।
नामसंकीर्तनादन्यो मोचकोऽत्र न विद्यते ।।

देवेशि । मैं सत्य कहता हूँ, इसे सुन कर धारण कर लो कि इस संसार में नाम संकीर्तन को छोड़ कर कोई दूसरा मुक्त करने वाला साधन नहीं।

-ब्रहारहस्य

हे मनुष्य ईश्वर के नाम की शरण में जानामी और अभिमनाएँ। निरन्तर ईश्वर का नाम जपा कर प्रत्येक श्वास के साथ ईश्वर के पनि नामों का उच्चारण कर इस कराल कलि-काल में ईश्वरत्व तक पहुंचने के लिए नामस्मरण अथवा जप सबसे अधिक सुगम शीघ्र संरक्षित और निश्चित मार्ग है। यह अमरत्व और अनन्त आनन्द करदाता है। परमात्मनी और तो नाम की महिमा अपरम्पार है। किसने उसको पूर्ण रूप से जाना है और कौन जानेगा?

अजामिल-जैसा पापी केवल ईश्वर का नाम ले कर ही संसार-सागर से पार उतर गया। अजामित का जन्म ब्राह्मण-कुल में हुआ था और बचपन में ब्राह्मण का एक योग्य पुत्र रहा; पर युवा होने पर वह दुर्भाग्यवश एक नीच जाति की लड़की से प्रेम करने लगा, जिसकी कुसंगति के कारण उसने जीवन-भर घोर पाप किये, किन्तु मरण-काल समीप आने पर अपने पुत्र नारायण को पुकारा। बस, फिर क्या था, नारायण के पार्षद उसकी सहायता को आ पहुँचे और वह यम-पाश से छुटकारा पा गया। अजामिल की कथा हमें ईश्वर के नाम की अद्‌भुत शक्ति का उपदेश देती है।

तुम गणिका पिंगला की कहानी तो जानते ही होगे। वह श्री राम का नाम लेने से कितनी जल्दी एक साध्वी बन गयी थी। कहा जाता है कि किसी चोर ने उसे एक तोता भेंट किया था। वह तोता राम का नाम लिया करता था और उस राम-नाम की आवाज गणिका के कानों में जाती थी। तोते की वह राम-पुनि बहुत ही सुन्दर और मधुर थी। अत वह उसकी ओर आकर्षित हुई और उसने अपना मन राम-राम शब्द की ओर लगाया। अतः वह राम के साथ पूर्ण रूप से ऐसी मिली कि फिर उनसे कभी अलग नहीं हुई। ऐसी है ईश्वर के नाम की महिमा! ऐसी है राम-नाम की महिमा। यह अत्यन्त दुःख का विषय है कि जिन लोगों ने विज्ञान का अध्ययन किया है और जो विद्‌वान् होने का दावा करते हैं, वे नाम-स्मरण में अब विश्वास खो बैठे हैं। यह बड़ी लज्जा की बात है, कोई बड़प्पन की नहीं।

हमें राम का नाम पूर्ण विश्वास और श्रद्‌धा के साथ लेना चाहिए। जब तुम तुलसीदास की रामायण का अध्ययन करोगे, तो पता चलेगा कि इस राम-नाम में कितनी अद्‌भुत शक्ति है।

गान्धी जी लिखते हैं- "तुम मुझसे पूछोगे कि मैं तुमसे राम का ही नाम लेने को क्यों कहता है, ईश्वर के दूसरे नामों को लेने को क्यों नहीं कहता ? सच है, ईश्वर के नाम अनेक हैं, एक वृक्ष की जितनी पत्तियाँ होती हैं, उनसे भी अधिक उसके नाम हैं। मैं तुमसे कह सकता हूँ कि ईश्वर शब्द का उपयोग करो। लेकिन ईश्वर शब्द कौन-सा अर्थ और कौन-सी धारणा तुम्हारे समक्ष उपस्थित कर सकेगा? ईश्वर शब्द कहने के साथ-साथ तुम्हारे अन्दर कोई-न-कोई भावना उत्पन्न हो जानी चाहिए।

अनिच्छयापि दहति स्पृष्टो हुतवहो यथा।
तथा दहति गोविन्दनाम व्याजादपीरितम् ।।

जैसे अनिच्छा से भी स्पर्श कर लेने पर आग शरीर को जला देती है, उसी प्रकार किसी बहाने से भी लिया गया गोविन्नाम पाप को दग्ध कर देता है।

-पद्‌मपुराण

इसके लिए तुम्हें ईश्वर शब्द का विश्लेषण करना होगा। सब कोई तो ऐसा नहीं कर सकते। लेकिन जब मैं तुम्हें राम का नाम लेने को कहता हूँ तो मैं तुम्हें एक ऐसा नाम बताता हूँ, जिसको भारतीयों की अनेक पीढ़ियों ने पूजा है। राम नाम ऐसा नाम है, जिससे इस देश के मनुष्य ही नहीं, वरन् पशु-पक्षी, यहाँ तक कि वृक्ष और पत्थर तक भी सदियों से परिचित हैं। रामायण पढ़ने से हमें ज्ञात होता है कि जब रामचन्द्र जी राजा जनक के धनुष यज्ञ में सम्मिलित होने के लिए जा रहे थे, तो एक पत्थर ने उनके चरण स्पर्श से जीवन प्राप्त कर लिया था।"

सर्वाचारविहीनोऽपि तापक्लेशादिसंयुतः ।

श्रीरामनाम संकीर्त्य याति ब्रह्म सनातनम् ।।

सब आचरणों से हीन तथा संताप और क्लेशयुक्त भी राम नाम संकीर्तन द्वारा सनातन ब्रह्मपद को प्राप्त हो जाता है।

-ब्रह्मरहस्य

राम नाम को ऐसी मधुरता और भक्ति के साथ सेना सीखना चाहिए कि जब तुम राम का नाम गाओ, तो तुम्हें सुनने के लिए वृक्ष भी अपनी पत्तियाँ तुम्हारी ओर झुका दें।

कबीरदास ने अपने बेटे कमाल को एक बार इस बात पर बहुत डाँटा कि उसने एक धनी व्यापारी को कोढ़ से निर्वाण पाने के लिए दो बार राम-नाम लेने को कह दिया था। कमाल ने उस व्यापारी से दो बार राम-नाम लेने को कहा, लेकिन फिर भी उसका रोग ठीक नहीं हुआ। कमाल ने इस बात की अपने पिता को सूचना दी। कबीरदास इस पर बहुत कुपित हुए और कमाल से कहा- "तुमने उस धनी को दो बार राम-नाम लेने को कहा। इससे मुझे कलंक लगा है। राम का नाम तो केवल एक ही बार लेना पर्याप्त है। अब तुम उस व्यापारी के शिर पर छड़ी से खूब भार लगाओ और उससे कहो कि

वह गंगा में खड़े हो कर अन्त करण से एक बार राम-नाम ले।” कमाल ने अपने पिता के आदेशों का अनुसरण किया। उसने उस पनी व्यापारी के शिर पर खूब मार लगायी। उस व्यापारी ने भाव सहित केवल एक बार राम का नाम लिया और उसका रोग बिलकुल ठीक हो गया।

कबीरदास ने कमाल को तुलसीदास के पास भेजा। कमाल के सामने ही तुलसीदास ने एक तुलसी की पत्ती पर राम का नाम लिखा और उस पत्ती का रस पाँच सौ कुष्ठरोगियों पर छिड़क दिया। सब के सब कुष्ठरोगी ठीक हो गये। इस पर कमाल को बहुत आश्चर्य हुआ। फिर कबीरदास ने कमाल को अन्धे सूरदास के पास भेजा। सूरदास ने कमाल को एक लाश लाने के लिए कहा, जो नदी में बह रही थी। कमाल लाग को ले आया। सूरदास ने उस लाश के एक कान में राम कहा और लाश में प्राणों का समावेश हो गया। यह सब देख कर कमाल का हृदय आश्चर्य और आदर से भर गया। राम नाम की ऐसी शक्ति है!

नियतं रामनाम्नस्तु कीर्त्तनाच्छ्रवणाच्छिवे।

महतोऽप्येनसः सत्यमुद्धरेद्राघवो बली ।।

निश्चय ही राम नाम के श्रवण और कीर्तन से भगवान् राम महान् पाप से भी उद्धार करते हैं।

-ब्रह्मरहस्य

मेरे प्रिय मित्रो, विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियो, प्रोफेसरो और डाक्टरो। तुम अपनी लौकिक विद्या पर फूले न समाओ। अपने दिल से प्रेम और भाव-सहित ईश्वर का नाम लो और अनन्त आनन्द, ज्ञान, शान्ति और अमरत्व की प्राप्ति करो। राम नाम लेने से यह सब कुछ तुम्हें इसी जन्म में इसी जन्म में क्यों, इसी क्षण सहज ही में प्राप्त हो जायेंगे। कबीरदास कहते "अगर कोई केवल स्वप्न में ही राम नाम कहता है, तो में उसके लिए अपनी खाल से उसके प्रतिदिन के प्रयोग के लिए एक जोड़ी जूने बनाना पसन्द करूंगा।"

ईश्वर के पवित्र नाम की महिमा को कौन कह सकता है। ईश्वर के पवित्र नामों का महत्त्व और प्रताप वास्तव में कौन जान सकता है। यहाँ तक कि पार्वती, जो शिव की अर्धांगिनी है, ईश्वर के नाम के वास्तविक गौरव और महत्त्व का ठीक-ठीक शब्दों में वर्णन करने में असफल रहीं। जो कोई उसका नाम सुनता है या स्वयं गाता है, वह अपने-आप ही बिना जाने हुए आध्यात्मिकता के शिखर पर जा पहुँचता है। वह अपनी लोक-वासना को खो बैठता है और आनन्दमान हो जाता है। वह अमरत्व का दिव्यामृत पान करने लगता है। वह दिव्य उन्माद में झूमने लगता है। ईश्वर के नाम का जप भक्त को भगवद्-सानिध्य का साक्षात् अनुभव करा देता है। ईश्वर का नाम कैसा शक्तिशाली है। जो उसके नाम का जप करता है, वह असीम आनन्द और शान्ति की प्राप्ति करता है। जो उसका नाम जपता है, वह वास्तव में भाम्यवान् है। क्योंकि वह आवागमन से विमुक्त हो जायेगा।

यद्यपि पाण्डवों का लाक्षागृह जल कर खाक हो गया, किन्तु वे नहीं जल मरे; क्योंकि उनको हरि के नाम में अविचल श्रद्धा थी, विश्वास था। गोपालकों को अग्नि से कुछ भी हानि नहीं हुई; क्योंकि उनको ईश्वर के नाम में अटूट विश्वास था। यद्यपि राक्षसों ने हनुमान की पूँछ को आग लगा दी; किन्तु वे जले नहीं, क्योंकि उनको राम नाम में अद्भुत विश्वास था। प्रह्लाद ने ईश्वर के नाम की ही शरण ली, अतः उनको भी अधि जला न सकी। सतीत्व की परीक्षा लेने के लिए सीता जी को अग्नि-प्रवेश कराया गया, किन्तु अग्नि की भयंकर लपटें उनके लिए शीतल जल हो गयी; क्योंकि राम का नाम ही उनके जीवन का आधार था। विभीषण का राम-नाम में अटल विश्वास था, अतः समस्त लंका के जल जाने पर भी उसका गृह सुरक्षित रहा। ऐसी महिमा है ईश्वर के नाम की!

जपतः सर्वमन्त्रांश्च सर्ववेदांश्च पार्वति ।

तस्मात् कोटिगुणं पुण्यं रामनाम्नैव लभ्यते ।।

जो सम्पूर्ण मन्त्रों और समस्त वेदों का जप करता है, उसकी अपेक्षा कोटिगुना पुण्य केवल राम नाम से उपलब्ध होता है।

-ब्रह्मरहस्य

भगवन्नाम की महिमा

श्री स्वामी चिदानन्द जी महराज

प्यारे उज्जवल आत्मस्वरूप, परमपिता की दिव्य अमर सन्तान!

मानव जन्म ऊर्ध्वगामी प्रगति का द्वार है। पशु-पक्षी, कीट-पतंग, अन्य प्राणी वर्ग में और मनुष्य के जीवन में यही अंतर है। अन्य पशु वर्ग जिस भूमिका में अपना जन्म लेते हैं, उसी भूमिका में, उसी स्तर पर जीवन पर्यन्त व्यवहार एवं चेष्टा करते रहते हैं। अपनी आयु को पूरी करके उसी भूमिका में अपने जीवन का अवसान कर देते हैं। शारीरिक दृष्टि से तो प्रगति होती है, खा-पीकर , मेहनत करके, आराम करके हृष्ट-पुष्ट बनते हैं, किन्तु किसी प्रकार की मौलिक आन्तरिक प्रगति नहीं होती है। उनका वर्ग ही ऐसा है कि कोई प्रगति की गुंजाइश ही नहीं है, प्रबन्ध नहीं है। केवल मात्र जीवात्मा जब मानव के रूप में आता है तो उसकेउसके लिए ऊर्ध्वगामी प्रगति के लिए द्वार खुल जाता है। इस ऊर्ध्वगामी प्रगति की सीमा कहॉ है? इसकी सीमा गभवदाकार अवस्था को प्राप्त करने तक है। मनुष्यत्व प्राप्त होने का अर्थ यही है कि परिपूर्ण दिव्यता की ओर आपकी यात्रा प्रारम्भ हो गयी है।

हमारे ऋषि-मुनि, ज्ञानी, सन्त एवं तत्ववेत्ता महापुरुषों ने अपनी अपरोक्ष अनुभूति से जान लिया था कि परब्रह्य तत्त्व में सब कुछ प्रकट हुआ है। परब्रह्म तत्त्व के आधार पर ही सब कुछ अस्तित्व में है और अन्त में परब्रह्म तत्त्व में लीन होने के लिए ही सब कुछ प्रस्तुत है। भगवान् अथवा ब्रत्यन् ही हमारा आदिमूल, सूक्ष्म, अदृश्य आधार है। हमारे जीवन का अन्तिम लक्ष्य भी यही है, हमारा जीवन तभी सफल होगा जब हम, जहाँ से हमारी उत्पत्ति है. वहीं जाकर विलीन हो जायेंगे, जैसे नदियाँ सागर में समा जाती है।

भगवान् की परिपूर्ण दिव्यता को प्राप्त करना ही प्रत्येक जीवात्मा का परम सौभाग्य है। भगवान् ने जच जीवात्मा को यहाँ पर भेजा तो साथ में ऊर्ध्वगामी प्रगति के लिए सामग्री भी भेज दी। मुख्य सामग्री क्या है? मानव- व्यक्तित्व में चार प्रकार की शक्तियाँ निहित हैं-शरीर की क्रिया शक्ति, मन की चिंतन शक्ति, हृदय की भाव शक्ति तथा बुद्धि की विवेक-विचार करने की शक्ति। नित्य-अनित्य क्या है? परिपूर्ण-अपूर्ण क्या है? आत्म- तत्त्व अनादि अनन्त है और अनात्मा अनित्य, नाशवान्, अशास्वत है ऐसा विचार बुद्धि के द्वारा ही किया जा सकता है। भगवतोन्मुख दिशा में प्रवृत्त होकर हर दिन ऊँचा उठने के लिए, इन चारों शक्तियों को लगा देना ही दिव्य जीवन है। भगवान् ने परिपूर्ण दिव्यता प्राप्त करने के उद्देश्य से ही मानव को वे क्षमताएँ देकर भेजा है। भगवान् ने हमें यहाँ हाय-हाय करके रोने के लिए नहीं भेजा है। तापत्रय, जन्म-मृत्यु, जरा-व्याधि एवं सुख-दुःख आदि को अनुभव करने के लिए नहीं भेजा है, ये सब गौण हैं। पूर्वजन्मकृत शुभाशुभ कर्मों के कारण सुख-दुःख आदि अनुभवों को भोगना अनिवार्य है, क्योंकि कर्मों के हिसाब को यहाँ खत्म करना है। जीवन में आये हुए भोगों को भोगते समय तुम्हारे मन की क्या वृत्ति है, भगवान् के द्वारा दी गयी शक्तियों का कैसे प्रयोग कर रहे हो? यही जीवन का सच्चा एवं असली स्वरूप है, सारभूत तत्त्व है, मार्मिक अर्थ है। हमारे भविष्य का निर्माण भोग से नहीं होता, आगामी कर्मों से होता है जिसे उचित पुरुषार्थ कहते हैं। भविष्य का निर्माण काला होना चाहिए, या सुनहरा, दुःखमय होना चाहिए या सुखमय? इसका सटीक उत्तर यही है कि कोई भी दुःख-दर्द को नहीं चाहता, सभी सुखमय जीवन चाहते हैं, उज्जवल भविष्य एवं शान्तिपूर्ण जीवन चाहते हैं। अन्त में जाकर परिपूर्ण दिव्यता को प्राप्त करने के लिए साधना करने का, उचित पुरुषार्थ करने का समय यही है। यदि इस समय को हमने खो दिया तो आगे अवसर नहीं मिलेगा। अतः ऐसे कर्म करें जिससे हमें सन्तुष्टि एवं प्रसन्नता मिले, कर्म हमें रुलाएँ नहीं। भगवान ने हमें जब मानव जीवन का अमूल्य उपहार दिया है तो अपने परम लक्ष्य को प्राप्त कर लें।

यन्नामस्मरणादेव पापिनामपि सत्वरम् ।
मुक्तिर्भवति जन्तूनां ब्रह्मादीनां सुदुर्लभा ।।

भगवान् के नाम का स्मरण करते ही पापी जीवों को भी तत्काल ऐसी मुक्ति सुलभ हो जाती है, जो ब्रह्मा आदि देवताओं के लिए भी परम दुर्लभ है।

-पद्मपुराण

लोग प्रश्न करते हैं कि महान लक्ष्य की प्रति से क्या प्रयोजन है? इसका प्रयोजन यही है कि परिपूर्ण दिव्यता को यहीं पहचानकर का बताते हैं। भगवान का अनुभव क्या होता है? भगवान का अनुभव शत-प्रतिशत केवल मात्र अवर्णनीय दिव्य आनन्द है। अद है। भगवान की क्या अवस्था है एवं क्या स्वरूप है? इस सम्बन्ध में भगवान के अनुभव को प्रास किये हुए तत्त्ववेत्ता यानी आनन्द इसमें किसी अन्य तत्व का मिश्रण नहीं है। प्रपन में मिश्रित अनुभव होते हैं. सुख चाहते हो तो दुःख का अनुभव नाही ही निवास करें। केही हमारे सर्वस्व माता-पिता बन्ध-सखा मद्धि एवं धन है। प्रातः रोजाना प्रार्थना करके हमने उनको पूजा इन्द्र से परे जाकर केवल आनन्द के अनुभव को प्राप्त करना है तो उसका एक ही उपाय है कि आनन्दस्वरूप परब्रहात स्वरमाि सीमित कर दिया है व्यवहार क्षेत्र में भगवान भूल जाते है इस कारण हम भगवान के परमानन्द से वंचित रह जाते हैं। यदि हमार उनको प्राथमिकता देकर जीवन में केन्द्रीय स्थान देना चाहिए। प्रपंच में मनसा वाचा कर्मणा सबसे अधिक उनको मुल्यता देकर भगव मेष्टा होनी चाहिए। यदि उनको प्राप्म कर लिया तो सब कुछ प्राप्त कर लिया। यदि सब कुछ प्राप्त कर लिया और उनको प्राप्त नहीं किया कुछ भी प्राप्त नहीं किया, जीवन को पाखो दिया। जैसे अध्यापक बोर्ड पर चॉक से जीरो जीरो लिखता जाये तो उसका कोई मूल्य होता। यदि उसके आगे एक लिख दे तो एक जीरो से दस दो जीरो से सौ. तीन जी से हजार, इस प्रकार लाख करोड बढ़ते चले यदि एक नहीं है तो हजार जीरो भी शून्य ही कहलायेंगे।

सर्वधर्मोज्झिता विष्णोर्नाममात्रैकजल्पगाः ।
सुखेन यां गतिं यान्ति न तां सर्वेऽपि धार्मिकाः ।।

समस्त धर्मो से रहित मनुष्य भी केवल भगवान के नाम का उच्चारण करने से सुखपूर्वक उस उत्तम गति को प्राप्त करते है, जिसे धर्मात्मा पुरुष भी प्राम नहीं कर सकते।

-अग्निपुराण

संसार के दुःख-शोक, संकट तकलीफ, चिता से मुक्त होकर अनादि अनन्त काल के लिए अपने-आपको निरन्तर आनन्द में ही स्थापित करना चाहते हैं तो प्रभु-प्राप्ति के मार्ग में अभी से लग जाना चाहिए। समय बढ़ा विचित्र है। मिनट, घड़ी, दिन-रात सप्ताह-मास और वर्ष कैसे चले जाते हैं, पता ही नहीं पड़ता। ऐसे लगता है जैसे कल ही हम छोटे बच्चे होकर स्कूल पढ़ने जाते थे और अब यहाँ से चले जाने की अवस्था आ गयी है। यहः भगवान् की प्रबल माया ही है

कि व्यक्ति को समय का व्यय और आयु की क्षीणता का भान ही नहीं होता। इसलिए अपने लक्ष्य की प्राप्ति में विलम्ब नहीं करना चाहिए। तुरन्त ऐसे सत्कार्यों में लग जाना चाहिए जो हमें भगवान् के निकट पहुँचाते हैं। सदाचारपूर्ण और परोपकारमय सुन्दर सात्त्विक जीवन में लग जाना चाहिए, यही सुन्दर अवसर है।

कलिकालकुसर्पस्य तीक्ष्णदंष्टस्य मा भयम्।

गोविन्दनामदावेन दग्धो यास्यति भस्मताम् ।।

तीखी दाढ़वाले कलिकालरूपी दृष्ट सर्प का भय अब दूर हो जाना चाहिए; क्योंकि गोविन्द-नाम के दावानल से दग्ध हो कर वा शीघ्र ही राख का ढेर बन जायेगा।

-स्कन्दपुराण

भगवान् के अनेक स्वरूप एवं शक्तियों हैं। हर एक बाक्ति का एक साकार स्व मानकर हम उनकी उपासना करते हैं। वैसे तो हम सत्य सनातन वैदिक धर्म के अनुयायी है तो एक ही भगवान् में विश्वास रखते हैं 'एकमेवाद्वितीयं ब्रह्म' भले ही अनेक नाम हों लेकिन ब्राद्ध एक ही है, अद्वितीय है। इस अद्वितीय तत्व को ईवर पर कहते हैं। किन्तु रूपया आकृति का अवलम्बन नहीं होता है तो मानव का मन टिकता नहीं है। केवल मूक्ष्म, अव्यवत, अदृश्य के ऊपर मन को टिकाये रखना कठिन है। मन चंचल एवं स्थूल है। सुगमता को प्राप्त करने के लिए मन को भले ही लगाये रखों लेकिन हजार में से नौ सौ निन्यानवे के मन में इतनी सूक्ष्मता नहीं है कि सिराकार तत्व पर उनकी धारणा हो जाये। हमारे मन की कमी और कमज़ोरी के कारण हम निराकार तत्व का ध्यान नहीं कर सकते हैं। भगवान् की उपासना, प्रार्थना, ध्यान करने में मन को सहायता मिल सके, इसलिए भगवान् ने असीम कृपा से अपने साकार स्वरूप को प्रकट किया है।

हमारे पूर्वजों ने पुरुषार्थ चतुष्टय में धर्म को प्रथम स्थान दिया है। धर्म के विस्मरण से खाने, पीने, कमाने में विषमता आ जाती है। व्यास भगवान् ने अठारह पुराण, ब्रह्मसूत्र, भागक्त, महाभारत में मानव के लिए सुख प्राप्ति का मार्ग बताया है। जो धर्म का अनुसरण करता है, उसे सुख मिलेगा। आज नहीं तो कल मिलेगा, यह त्रिबार सत्य है। चड़े आश्चर्य की बात है कि हम सुख को चाहते हैं और उल्टा काम करके सुख से बंचित हो जाते हैं। हम अपने व्यवहार में व्यापक रूप से धर्म को बनाये रखें। हृदय में प्रभु के प्रति प्रेम रखें। सर्वदा उनका चितन करें। नित्य-अनित्य का विवेक हो और सदा नित्य की ओर ही जायें।

अहो चित्रमहो चित्रमहो चित्रमिदं द्विजाः ।

हरिनाम्नि स्थिते लोकः संसारे वर्तते पुनः ।।

बड़ा ही आश्चर्य है, भगवान् के नामरूपी साधन के रहते हुए भी लोग संसार में पड़े हुए हैं।

-बृहन्नारदीयपुराण

सत्य संकल्प लेने के लिए, निश्चयात्मक निर्णय करने के लिए और नये रास्ते में प्रमृत होने के लिए आज ही अच्छा सुन्दर समय है। अ विलम्ब नहीं करना चाहिए। यह शुभमुहूर्त जीवन में नयी ज्योति जगाने, जीवन को नयी दिशा देने, नये अर्थ को ग्राम करने का है। जीवन में क्रांतिकारी परिवर्तन लाकर, दिव्य जीवन बनाने का है। कबीर दास जी कहते हैं कि इस अवसर को खोना नहीं चाहिए क्योंकि जब विडिय खेती चुगि डाली फिर पछताये क्या होवत है जो भी सत्कार्य सामने आ जाये, उसी समय कर देना चाहिए। कहा गया है,

कालक्षेपो न कर्तव्यः क्षीणमायु क्षणे क्षणे।
यमस्यकरुणानास्ति कर्त्तव्यं हरि कीर्तनम् ।।
कर्त्तव्यं हरि चिन्तनम्।

प्रभु आपको ऐसी आन्तरिक शक्ति दें। घर-बार तोड़कर अरण्य में जाकर गुहा कन्दरा में बैठकर भगवान् प्रास होते है, ऐसी बात नहीं है। हम अपने व्यावहारिक जीवन को धर्ममय भक्तिमय दिव्य जीवन बनाकर रखेंगे तो ये सब यहीं भगवद् प्राप्ति के लिए सोपान बन जायेंगे। सदा-सर्वदा भगवान् का स्मरण करें एवं मुख से नाम रटते रहें। नाम भगवान् का साक्षात् स्वरूप है। नाम और नामी में कोई अन्तर नहीं है, दोनों परस्पर अभिन्न है। वेदान्त भी इसकी पुष्टि करता है। अप्रकट 'एकमेवाद्वितीयम्' अवस्था से ब्रह्मा ने अनेक होने का संकल्प किया। पहले आद्य स्पन्दन नाद के रूप में प्रणव प्रकट हुआ जिसे नादब्रा, शब्दब्रह्म कहते हैं। अन्य जितने भी भगवान् के दिव्य नाम और मन्त्र हैं, इसी शब्द का रूप रुपान्तरण है। साक्षात् भगवदाकार होने से हरेक नाम में भगवद् शक्ति निहित है। इसलिए जो निरन्तर भगवद्-नाम लेता रहता है. उसके अन्दर आध्यात्मिक विकास एवं जागृति आ जाती है, अज्ञान का अन्धकार हट जाता है और ज्ञान की ज्योति जग जाती है। तुलसीदास जी ने कहा है

राम नाम मनिदीप धरू जीह देहरी द्वार।
तुलसी भीतर बाहरेहुँ जो चाहसि उजिआर।।

नाम मणि दीप है जिसे यदि मुख रूपी द्वार की दहलीज में रख दिया तो चाहर भी प्रकार है और अन्दर भी उजाला है। मणि दीप जलता नहीं है, बाकी दीप जलते हैं। मणिदीप में प्रकाश है, उष्णता नहीं है, इसमें कोई हानि नहीं है केवल लाभ ही लाभ है। विशेष करके महाराष्ट्र के जितने भी सन्त हुए हैं, उन्होंने भगवद् प्राप्ति के लिए भगवद् नाम को ही

सुलभ उपाय बताया है। निरन्तर भगवद्- नाम रटने से जहाँ पर तुम हो, वहीं पर आकर भगवान् दर्शन देंगे जैसे भक्त पुण्डरीक को दिया।

हरेः संकीर्तनं पुण्यं सर्वपातकनाशनम् ।
सर्वकामप्रदं लोके अपवर्गफलप्रदम् ।।

हरि का पवित्र संकीर्तन सब पापों का नाशक, सब कामनाओं को पूरा करने वाला तथा मुक्ति दाता है।

-आदित्यपुराण

बहुत प्रयास करके जंगल में जाने की जरूरत नहीं है, घर में रहकर निरन्तर नाम जपते रहो, 'हरि बोल हरि बोल- नाम बोलते-बोलते जब आदत में आ जायेगा, तभी अन्त काल में नाम के आने की सम्भावना रहेगी। वरना अन्त में व्यवहार का चिंतन, बैंक बैलेन्स, भोजन, परिवार आदि का विचार आयेगा जो अत्यन्त हानिकारक है। एक मराठी सन्त ने इसे नाम यज्ञ कहा है- **'ज्याचे मुखी सदा हरि त्याचे यज्ञ पावली पावली।'** पावली माने कदम। जो हमेशा नाम रटता है, उसका कदम-कदम यज्ञ के समान है, महान् यज्ञ के समान फल देने वाला है। गीता में भगवान् ने स्वयं माया से मुक्त होने के लिए उपाय बता दिया है

दैवी ह्येषा गुणमयी मम माया दुरत्यया।
मामेव ये प्रपद्यन्ते मायामेतां तरन्ति ते ।।

-गीता-७/१४

जो केवल भगवान् के ही शरण होते हैं, जो दैवी सम्पत्ति वाले होते हैं, वे भगवान् की गुणमयी माया से पार हो जाते हैं।

'एक सार नाम हरि भज हरि
हरे हरी तेरी चिन्ता सारी।'

प्रपंच के माया बाजार में नाशवान वस्तु-पदार्थों में कोई सारतत्त्व नहीं है। एक ही सार वस्तु है-भगवद्-नाम, क्योंकि यह एक ही सत्य है।

जिह्वाग्रे वर्तते यस्य हरिरित्यक्षरद्वयम् ।
विष्णुलोकमवाप्नोति पुनरावृत्तिदुर्लभम् ।।

जिसकी जिह्वा के अग्रभाग पर 'हरि' वे दो अक्षर विद्‌यमान है, वह पुनरावृत्तिरहित विष्णुलोक को प्राप्त कर लेता है।

-बृहन्नारदीयपुराण

आब्रह्मास्तम्बपर्यन्तं मायामयमखिलम् जगत् ।
सत्यं सत्यं पुनर्सत्यं हरेर्नामैव केवलम् ।।

अमूल्य मानव-जीवन की सार्थकता इसमें है कि हम सत्पथ पर चलकर ईश्वर-प्राप्ति को अपना लक्ष्य बनायें। प्रपंच के वस्तु-पदार्थों के मोह में न पड़कर एक ही सारतत्व को अपनायें।

'सब है समान, सबमें एक प्राण
तज के अभिमान हरि नाम गाओ।
हरि नाम गाओ, दया अपनाओ ।
अपने हृदय में हरि को बसाओ।
हरि नाम प्यारा, सबका सहारा,
हरि नाम जप के सुख शान्ति पाओ।'

यह रचना ज्ञानेश्वर महाराज के गुरु श्री निवृत्तिनाथ जी की है। इस अशान्त दुःखमय प्रपंच में आपको सुख- शान्ति भगवन्नाम से ही मिल सकती है, अतः हर समय भगवन्नाम स्मरण करते रहे। हरि ॐ तत्सत्।

स्वपन् भुञ्जन् व्रजंस्तिष्ठन्नुतिष्ठंश्च वदंस्तथा।
चिन्तयेद् यो हरेर्नाम तस्मै नित्यं नमो नमः ।।

जो मनुष्य सोते-जागते, खाते-पीते, चलते-फिरते, उठते-बैठते तथा बातचीत करते समय सदा श्रीहरि नाम का ही चिन्तर करता है, उसके प्रति मेरा नित्य बारम्बार नमस्कार है।

-नारद पुराण

भगवन्नाम की शक्ति

श्री स्वामी कृष्णानन्द जी महाराज



भगवन्नाम, विशेषकर जब यह हमें मन्त्र के रूप में प्रदान किया जाता है, स्वयं में एक अपूर्व ऊर्जा का रूप धारण कर लेता है। इसमें एक अपनी शक्ति होती है; यही कारण है कि भक्त, सन्त और ऋषि-मुनि हमें बताते हैं कि भगवजाम का जप अपना एक विशिष्ट प्रभाव डालने की क्षमता रखता है, यद्यपि यह आवश्यक नहीं है कि आप सचमुच ध्यान कर रहे हों अथवा उस (भगवन्नाम) के निहितार्थ पर मनन करने की स्थिति में हॉ। जिस कारण से मन्त्र-शक्ति का उदय होता है, उसका उल्लेख मन्त्रशास्त्र में वैज्ञानिक विधि से सुन्दरतापूर्वक किया गया है। मन्त्रशास्त्र हमारे अपने साधारण जीवन में रसायनविज्ञान के सदृश है। रासायनिक तत्त्व एक-दूसरे पर क्रिया-प्रतिक्रिया करते हैं। उदाहरणार्थ, आप जानते हैं कि अम्ल तथा क्षार का एक-दूसरे पर क्या प्रभाव पड़ता है। विभिन्न रासायनिक संयोजन भिन्न-भिन्न प्रकार के प्रभाव उत्पन्न करते हैं। कभी-कभी रासायनिक प्रक्रिया ऐसी होती है कि यह एक बृहत् प्रभाव उत्पन्न कर सकती है। वर्षों के विशिष्ट प्रकार के संयोजनों के कारण मन्त्र इसी प्रकार का (रासायनिक तत्त्वों की प्रक्रियाओं के सदृश) प्रभाव उत्पन्न कर देते हैं।

नाम्नोऽस्य यावती शक्तिः पापनिर्हरणे हरेः।

तावत्कर्तुं न शक्नोति पातकं पातकी जनः ।।

श्रीहरि के इस नाम में पापनाश करने की जितनी शक्ति है उतना पातक पातकी मनुष्य अपने जीवन में कर ही नहीं सकता।

-बृहद्विष्णुपुराण

मन्त्रशास्त्र एक रहस्यमयी विद्या है जो हमें बतलाती है कि वर्णमाला का प्रत्येक अक्षर ऊर्जा का एक संघनित रूप है। ध्वनियाँ वस्तुतः प्रकरित ऊर्जा का प्रकट रूप ही है। ध्वनि मात्र वाचिक प्रकटीकरण का निस्सार रूप नहीं है। यह वह ऊर्जा है जो एक विशिष्ट रूप में अपने को अभिव्यक्त करती है। और, ऊर्जा का यह पुंज, गति का यह सहबद्ध रूपो वर्णमाला का एक विशिष्ट अक्षर है-शक्ति के एक अन्य पुर (जो एक अन्य अक्षर है) के सम्पर्क में आता है। दोनों पाम्पर टकराते हैं अथवा यों कहें कि वे एक-दूसरे पर अपना प्रभाव डालते हैं अथवा यो कहें कि वे एक-दूसरे में मिल जाते हैं। इस प्रकार वर्ण-समूह-रूप मन्त्र का उच्चारण इन बच्चों के संयोजन तथा क्रम परिवर्तन की प्रक्रिया में एक नवीन प्रकार की ऊर्जा उत्पन करता है। यह ऊर्जा हमारे शरीर **(System)** को अनुप्राणित कर देती है; क्योंकि यह हमारे अपने मन, विचार तथा हमारी सत्ता के अन्तरतम प्रकोष्ठों से उत्पन्न हुई है। हम इसे ऊर्जा से आवेशित हो जाते हैं- मानों हमने बिजली का गरम तार. तू लिया हो। तान्त्रिक शब्दावली में इस विज्ञान को एक विशिष्ट नाम गणशास्त्र दिया गया है। सब्द शक्ति है, विचार वस्तुएँ हैं-ऐसा कहा गया है। शब्द मात्र ऐसी कोरी ध्वनियों रहीं हैं, जो शब्दों को बोलते, नामों का उच्चारण करते अथवा किसी विचार को व्यक्त करते समय उत्पज हो जाती है। सन्तों के शब्द इसीलिए तत्काल फलित होते हैं, क्योंकि विचार और अभिव्यक्तियों स्वयं में ही शक्ति हैं। ऋषि-मुनियों द्वारा बोले गये राष्ट्र मात्र कोरी ध्वनियों ही नहीं हैं। वे ऐसी शक्तियों हैं, जो अणुबमों की भाँति निर्मुक्त होती हैं और भौतिक जगत् में अपने को प्रकट भी कर सकती है और इस प्रकार घटनाएँ घटित हो सकती हैं। यही कारण है कि लोग महात्माओं के पास आशीर्वाद लेने हेतु जाते हैं। महात्माओं के शब्द ऐसी शक्तियों है, जिन्हें वे तत्काल अथवा सुदूर भविष्य में प्रभाव डालने के लिए निर्मुक्त करते हैं।

मन्त्रोच्चारण से एक ऊर्जा निर्मुक्त होती है-न केवल हमारे व्यक्तित्वों के अन्दर, बरन् उस बाह्य वातावरण में भी, जिसके हम घटक है। जप-साधना से न केवल हमारे आन्तरिक व्यक्तितत्व पर वरन् उस समाज पर भी समान प्रभाव पड़ता है, जिसके हम एक भाग है। इस प्रकार जप-साधना समाज-सेवा भी है। यह मात्र आपके द्वारा पूजा-कक्ष में की जाने वाली आभ्यन्तरिक व्यक्तिपरक साधना नहीं है। यह मानवता के हित में की गयी एक महान् सेवा भी है। जो साधक निष्कपट भाव से तथा निष्ठापूर्वक जप-साधना का अभ्यास करता है, उसके चारों ओर एक प्रभामण्डल निर्मित हो जाता है। आप न केवल अपने स्वभाव को आन्तरिक रूप से शुद्ध कर लेते हैं, वरन् बाह्य वातावरण को भी शुद्ध कर देते हैं। जब आप जप-साधना की प्रभावोत्पादकता में पूर्ण आस्था रखते हुए एकाग्र मन से इस साधना का अभ्यास करते हैं, तब आप दूसरों के लिए प्रेरणा का स्रोत बन जाते हैं। भगवन्नाम एक आश्चर्य है। यह स्वयं में एक

चमत्कार है। एक कवि के कथनानुसार, "प्रार्थना द्वारा इतने कार्य निष्पत्र हो जाते हैं, जिनकी विश्व कल्पना भी नहीं कर सकता।" आप भगवान् से जो प्रार्थनाएँ करते हैं, वे निश्चय ही अभीप्सित प्रभाव उत्पन्न करने में सक्षम होती है।

सर्वधर्मवहिर्भूतः सर्वपापरतस्तथा।
मुच्यते नात्र संदेहो विष्णोर्नामानुकीर्तनात् ।।

समस्त धर्मो से परित्यक्त और समस्त प्रकार के पापों में संलग्र पुरुष भी यदि भगवान् विष्णु के नाम का कीर्तन करता है तो वह निस्सन्देह समस्त पापों से छुटकारा पा जाता है।

-वैशम्पायनसंहिता

कुछ वर्ष पूर्व मेरी भेंट एक विनम्र गृहस्थ साधक से हुई। वह प्रार्थना का अनुयायी तथा एक निष्कपट व्यक्ति था। प्रार्थना करते समय उमे जो-जो कठिनाइयाँ होती थीं, उनकी चर्चा करने वह मेरे पास आया था। प्रसंगवश उसने अपनी साधना के विषय में मुझे बतलाया। उसने कहा- "मेरी साधना भगवान से की जाने वाली प्रार्थना ही है। प्रार्थना की साधना से मैं बाह्य समाज के व्यक्तियों की भी यत्किंचित् सेवा करने का प्रयास करता हूँ। वे व्यक्ति मुझसे बहुत दूर भी हो सकते हैं-भले ही वे लन्दन में हों, इससे कोई अन्तर नहीं पड़ता। जिस व्यक्ति की मैं सहायता करना चाहता हूँ, सम्भव है उसे मैंने पहले कभी देखा भी न हो और उसका नाम भी न सुना हो।" मैंने पूछा-"मित्रवर ! जिस व्यक्ति या स्थान का नाम आप न जानते हों, जिसकी अवस्थिति का भी आपको पता न हो, वहाँ तक आप अपने विचार कैसे सम्प्रेषित करते हैं?" उसने उत्तर दिया- "स्वामी जी ! भगवत्कृपा से मुझ में इतनी आस्था है कि मेरी प्रार्थना अथवा विचार से नहीं, वरन् उस 'माध्यम' से चमत्कार घटित होता है जिससे मेरी प्रार्थना सम्पर्क स्थापित करती प्रतीत होती है तथा जो अपने ही सर्वज्ञ रूप में कार्य करता है।" ऐसे साधक से मिल कर मुझे प्रसन्नता हुई; क्योंकि उसने जप तथा प्रार्थना के रहस्य को समझ लिया था। आपकी व्यक्तिगत शक्ति या आपका विचार नहीं, वरन् वह तत्त्व प्रभाव दिखाता है जिसे आपका विचार कार्यरत करता है तथा जो सर्वज्ञ है।

सकृदुच्चारयेद् यस्तु नारायणमतन्द्रितः ।
शुद्धान्तःकरणो भूत्वा निर्वाणमधिगच्छति ।।

जो आलस्य छोड़ एक बार नारायण नाम का उच्चारण कर लेता है, उसका अन्तःकरण शुद्ध हो जाता है और वह निर्वाण पद को प्राप्त होता है।

-पद्मपुराण



इसका क्या अर्थ है, यह समझाने के लिए मैं एक उदाहरण दे सकता है। आप प्रसारण केन्द्र **(Broadcasting Station)** के विषय में जानते ही होगे। कहाँ कलाकार गीत गाते हैं अथवा उस केन्द्र के माध्यम से सन्देश भेजते हैं। सन्देश स्वनि के रूप में होता है। आप केन्द्र में ध्वनिग्राहक **(mike)** के सामने कुछ कहते हैं। जो ध्वनि आप प्रसारण केन्द्र में गीत, भजन, कीर्तन, भत्षण, प्रवचन आदि के रूप में उत्पत्र करते हैं, वह ग्राही यन्त्र, रेडियो, ट्रांजिस्टर आदि को सम्प्रेषित नहीं होती। रेडियो यन्त्रों का आन्तरिक रचनातन्त्र इस प्रकार का होता है कि वे केन्द्र में ध्वनिग्राहक के सामने उत्पत्र की गयी ध्वनि से सीधे जुड़े नहीं होते। वस्तुस्थिति यह है कि श्वनि एक ऊर्जा में रूपान्तरित होती है। आकाश अभवा शून्य में जो गति करती है, वर प्रसारण केन्द्र में उत्पत्र हुई ध्वनि नहीं, वरन् ध्वनि का वह रूप है जिसमें यह रूपान्तरित हो जाती है या जिसमें डाल दी जाती है। ऊर्जा का एक अवैवतिक रूप, जो आकाश में गति करता है, ग्राती बन्त्रों पर प्रभाव डालता है तथा उसी ध्वनि में पुनः परिवर्तित अथवा रूपान्तरित हो जाता है जो मूलतः प्रसारण केन्द्र में उत्पन हुई थी। जो प्रसारण यन्त्र तथा ग्राही यन्त्र के मध्यमार्ग में होता है, वह ध्वनि नहीं है। ग्राही यन्त्र के माध्यम से ऊर्जा को ध्वनि में तथा प्रसारण यन्त्र के माध्यम से ध्वनि को ऊर्जा में रूपान्तरित किया जा सकता है। यही रेडियो तथा टेलीविजन का रहस्य है तथा यहीं रहस्य समग्र प्रकृति का भी है। इसी प्रकार प्रार्थनाओं से समत्कार घटित हो सकते हैं।

मन्त्र-साधना अथवा जप द्वारा की गयी प्रार्थनाएँ या आहवान एक अवैयक्तिक शक्ति में रूपान्तरित हो जाते हैं। यह शक्ति भगवान् की ही शक्ति है तथा स्वयं भगवान् द्वारा ही चमत्कार किये जाते हैं। आप कार्यों के अन्तिम कर्ता

नहीं रह जाते। आपका कर्तृत्व मात्र एक संयोग है। जो तत्त्व वास्तव में कार्य करता है, वह आपसे उच्चतर है। अतएव जब जप का प्रभाव दिखायी भी पड़ता हो, तब भी श्रेय अन्ततः भगवान् को ही दिया जाना चाहिए। स्वयं भगवान् हमारे लिए साधना करते प्रतीत होते हैं। उनके अतिरिक्त इस संसार में कौन कुछ कर सकता है। उनकी इच्छा के बिना हम अपनी उंगली भी नहीं उठा सकते। जैसा कि कहा जाता है, परम पिता परमात्मा की इच्छा के बिना एक सूखा पत्ता भी (हवा में) नहीं हिल सकता। समग्र संसार अपने गौरव तथा समृद्धि से समुज्ज्वल तथा भगवत् सत्ता है। हम यह भूल बैठे हैं कि हम इसके एक अनिवार्य अंग हैं। विशेषकर जप-साधना में हम ब्रह्माण्ड की उस सर्वव्यापी संरचना के साथ अपने तथा अपनी आन्तरिक मनोवैज्ञानिक संरचना को संस्वरित करने का प्रयास करते हैं, जिसे हम ईश्वर-शक्ति या कार्यरत भगवदिच्छा कहते हैं। आप समझ सकते हैं कि जपयोग कितना महत्त्वपूर्ण है!

नारायणो नाम नरो नराणां प्रसिद्धचौरः कथितः पृथिव्याम्।
अनेकजन्मार्जितपापसंचयं हरत्यशेषं श्रुतमात्र एव ।।

इस पृथ्वी पर नारायण नामक एक नर (व्यक्ति) प्रसिद्ध चोर बताया गया है, जिसका नाम एवं वश कर्ण-कुहरों में प्रवेश करते ही मनुष्यों की अनेक जन्मों की कमायी हुई समस्त पापराशि को हर लेता है।

-वामनपुराण

महाभारत के अन्तर्गत शान्तिपर्व के एक पूरे अध्याय-जापक उपाख्यान में जप-साधना का प्रतिपादन किया गया है। यह पढ़ने-योग्य है। इसमें बतलाया गया है कि किस प्रकार एक मुनि पूर्णतः जप, विशेषकर गायत्री जप, के प्रति समर्पित था तथा वह इन्द्र और यम जैसे देवों के भी अनुचित हस्तक्षेप का विरोध कर सकता था। कोई आश्चर्य नहीं कि भगवान् श्रीकृष्ण ने भगवद्गीता में योग की इस प्रणाली को सर्वोच्च बतलाया है- **'यज्ञानां जपयज्ञोऽस्मि ।'**

आध्यात्मिक क्षेत्र के बन्धुओ! इस साधना को गम्भीरतापूर्वक तथा पूर्ण मनोयोग से प्रारम्भ करें तथा इसमें दृढ़तापूर्वक लगे रहें। आप स्वयं देखेंगे कि आप एक भिन्न व्यक्तित्व बन गये हैं। आपके चारों ओर छोटे-मोटे चमत्कार घटित होने लगेंगे। आपको यह जान कर आश्चर्य होगा कि आपके अनजाने ही घटनाएँ कैसे रूप ले लेती हैं। वातावरण धीरे-धीरे परिवर्तित हो जायेगा। कृपया इसे स्मरण रखें कि प्रार्थनाएँ शक्ति होती हैं। प्रार्थनाओं द्वारा उत्पन्न शक्तियाँ बमों से भी अधिक बलवती होती हैं। यह कहना अतिशयोक्ति न होगा कि यदि आप निष्कपट हो कर हृदय के अन्तरतम से भगवान से प्रार्थना करें, तो आप मानवता की महत्तम सेवा करेंगे। भगवान् अपने सर्वव्यापी श्रवणों से आपकी प्रार्थना सुनेंगे **'सर्वतः पाणिपादं तत्सर्वतोऽक्षिशिरोमुखम्।'** उनके श्रवण प्रत्येक स्थान पर हैं, उनके नेत्र प्रत्येक स्थान पर हैं। संसार के दूरस्थ प्रदेशों में भी आपके द्वारा किये गये कार्यों को वह देख सकते हैं। जहाँ भी

आप हों, वहाँ से जो कुछ भी आप कह दें, उसे वह सुन सकते हैं। आपकी प्रार्थनाएँ सुनी जायेंगी और यह आपकी अपनी आत्मा की मुक्ति के लिए उसके प्रति की गयी आपकी सेवा होगी। इतना ही नहीं, यह आपके द्वारा मानवता के प्रति की गयी एक महान् सेवा भी होगी। मैं दोबारा निवेदन कर रहा हूँ- आप इस साधन को ईमानदारी तथा गहन आस्था से अपनायें। आप देखेंगे कि चमत्कार स्वतः ही घटित हो रहे हैं।

इदं हि पुंसस्तपसः श्रुतस्य वा स्विष्टस्य सूक्तस्य च बुद्धिदत्तयोः ।
अविच्युतोऽर्थः कविभिर्निरूपितो यदुत्तमश्लोकगुणानुवर्णनम् ।।

विद्वानों ने अपने अनुभव से यही निश्चय किया है कि भगवान् का गुण-कीर्तन ही तप, वेदाध्ययन, उत्तम यज्ञ, मन्त्र, ज्ञान और दान आदि का अविनाशी फल है। समस्त अध्ययन का फल भी भगवन्नाम-कीर्तन ही है।

-श्रीमद्भागवत १.५.२२

मन्त्र एवं जप

श्री स्वामी माधवानन्द जी महाराज



भगवन्नाम जप आप करते हैं। निरन्तर मन्त्र जप करने से मन्त्र के अधिष्ठातृ देवता के गुण और शक्ति का संचरण साधक में होता है। मन्त्र एक प्रकार से साधक द्वारा इष्ट देवता का स्तुतिगान है तथा सहायतार्थ दया की याचना है। पूर्ण श्रद्धा-भक्ति-पूर्वक जप करने से साधक के हृदय में मन्त्र चैतन्य हो जाता है अर्थात् मन्त्र में प्रच्छन्न शक्ति जागृत हो कर व्यक्तिगत मन्त्र सिद्धि द्वारा साधक को ज्ञान, ज्योति, शान्ति-सुख, उन्मुक्तता और दिव्य आनन्द प्रदान करती (अनुभूत कराती) है। ध्वनि की शक्ति प्रचण्ड होती है। ध्वनि-श्रवण से मन में विभिन्न विचार उद्भूत होते हैं। भगवन्नाम अनेक हैं। प्रत्येक नाम का कोई-न-कोई स्वरूप होता है। शब्द और अर्थ अभिन्न हैं। नाम-श्रवण करते ही मानस द्वारा चित्त में उससे सम्बन्धित रूप तत्क्षण प्रकट हो जाता है। भगवान् पूर्ण हैं, अतः उनसे सम्बन्धित नाम भी पूर्ण हैं। भगवान् की शक्ति अनिर्वचनीय है, क्योंकि वह शक्ति का चरमोत्कर्ष (शिखर) है।

यदीच्छसि परं ज्ञानं ज्ञानाच्च परमं पदम् ।
तदा यत्नेन महता कुरु गोविन्दकीर्तनम् ।।

यदि आत्मज्ञान की इच्छा है और आत्मज्ञान से परमपद पाने की इच्छा है, तो यत्नपूर्वक गोविन्द का कीर्तन करो।

-गरुड़पुराण

भगवन्नाम से सर्वप्रकार की उपलब्धि सम्भव है। उससे असम्भव भी सम्भव हो जाता है। शुद्ध हृदय से भगवन्नाम जपने से भगवत्-चेतना उत्पख होती है जो सच्चिदानन्द की ओर ले जाती है। मन्त्र का अर्थ ज्ञात न होने पर भी मन्त्र जप से संकल्प पूर्ति होती तो है, किन्तु उसमें समव अधिक लगता है। मन्त्र का अर्थ हृदयंगम कर श्रद्धा-भक्ति-पूर्वक जप करने से अति शीघ्र लक्ष्य की प्राप्ति होती है। करुणालय भगवान् भक्त की महायता हेतु तत्काल दौड़े आते हैं। सन्त-महात्मा एवं ज्ञानी इस सत्य के जाज्वल्यमान उदाहरण हैं। भगवान् आपको भी सत्कार्यों की शक्ति प्रदान करें। नित्य-प्रति के कार्यों में संलाश रहते हुए भी मानसिक मन्त्र जप किया जा सकता है। कर्मरत रहते हुए जप करने से केवल चित्त को ही सुख नहीं मिलता, बल्कि कर्म भी समुचित ढंग से सुसम्पत्र होता है।

जप या ध्यान करते समय आप अन्तःसाम्राज्य में प्रवेश पा लेते हैं, जहाँ अपार शान्ति है। स्मरण रखें, शाश्वत शान्ति आपके भीतर ही है। स्थिर और शान्त चित्त में ही परमात्मा की सच्ची अनुभूति हो सकती है, जो नियमित जप और ध्यान द्वारा सम्भव है। जब कोई आन्तरिक अनुभूति हो तो समझो कि परमात्मा आपके हृदय के अन्तरतम गुह्य प्रकोष्ठ में विराजमान हो आपको अनुभूति करा रहा है। वह इदय में विद्यमान है। वह वहीं निवास करता है। जप और ध्यान द्वारा आत्मा से सम्पर्क कर आत्म-प्रकाश के सौन्दर्य का प्रकटीकरण करो। इससे जीवन की द्वन्द्वात्मक समस्याओं से संघर्ष करने के लिए मानसिक सन्तुलन और शक्ति प्राप्त होती है। केवल मात्र एक ही शक्ति है और वह है ईश्वर।

भगवान् के चिन्तन से हमें उसकी विद्यमानता की अनुभूति होती है। जैसे-जैसे आप भगवान् के समीप जायेंगे, वैसे-वैसे वह आपके समीप चले आयेंगे। श्रीमद्भगवद्गीता में भगवान् श्रीकृष्ण के द्वारा यह महान् आश्वासन दिया गया है और वहीं जप-ध्यान का आधार है। भगवद-विश्वास से हमें मानसिक सन्तुलन, ऐक्य और शान्ति की प्राप्ति होती है। संसार में हम दुःखी या असहाय हो ही नहीं सकते; क्योंकि वास्तव में कोई अकेला है ही नहीं। वह सर्वत्र सर्व में निवास करता है।

समस्त मानवीय परिस्थितियाँ भ्रामक विश्वासों से, मिथ्या विचारों से व मिथ्या दृष्टिकोण से उत्पन्न होती हैं, सत्य से नहीं। एक बार हम जप-ध्यान से विश्व को विजय करना सीख लें तो कल्याण का भाव, शान्ति की चेतना और

सच्चाई की उपलब्धि होगी जिससे हम संसार के समस्त संकटों और क्लेशों को सहन करने में सक्षम बनेंगे। परन्तु यदि हमारी चेतना में मिथ्या विश्वास, परेशानियाँ, निराशावादी विचार भरे रहेंगे तो समझो हम परमात्मा से विलग हो गये। अन्तःकरण की सूक्ष्म किन्तु शक्तिमयी आवाज को हम सुनें तो वह हमारे चित्त में परमात्मा से योग स्थापित करने की चेतना जागृत कर देगी! परमात्मा आपको सर्वोच्च सुख-समृद्धि से सुसम्पन्न करें!

कलियुग में महामन्त्र की महिमा

श्री स्वामी प्रेमानन्द जी महाराज



३ दिसम्बर, १९४३ से दिव्य जीवन संघ के मुख्यालय में अखण्ड" महामन्त्र" संकीर्तन यज्ञ हो रहा है यह बड़े सौभाग्य का विषय है।

कलिसन्तरणोपनिषद् में इस महामन्त्र की उत्पत्ति और महिमा का वर्णन मिलता है, जब नारद जी ने ब्रह्मा जी से सविनय प्रश्न किया कि इस भूलोक में भ्रमण करते हुए किस प्रकार वे "कलि" से त्राण पा सकेंगे। तब ब्रह्मा जी ने

कलियुग में भवसागर को पार करने के लिए समस्त श्रुतियों का गोपनीय रहस्य नारद जी को बताया कि भगवान् आदि पुरुष नारायण के नामोच्चारण से मनुष्य कलियुग के दोषों का नाश कर सकता है। तब हिरण्यगर्भ ब्रह्मा जी ने महामन्त्र का उपदेश किया

हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे।
हरे कृष्ण हरे कृष्ण कृष्ण कृष्ण हरे हरे।।

श्री नारद जी ने इससे सम्बन्धित कुछ प्रश्न भी किये और ब्रह्मा जी ने उनका उत्तर भी दिया। जिसका सारांश यही है कि इससे श्रेष्ठ कोई दूसरा उपाय बेदों में भी देखने को नहीं आता है। इसके द्वारा षोडश कलाओं से आवृत जीव के आवरण नष्ट हो जाते हैं। अन्धकार समाप्त हो जाता है और परब्रह्म का स्वरूप स्वतः प्रकाशित होता है। इसके निरन्तर जप करने वाले को चारों प्रकार की सालोक्य, सामीप्य, सारूप्य और सायुज्य मुक्ति की प्राप्ति सहज हो जाती है। किसी विधि-विशेष का बन्धन भी इसके जप में नहीं है। कोई भी साधक इस सोलह नामों वाले मन्त्र का जप कर सकता है। इसकी यहाँ तक महिमा है कि साढ़े तीन करोड़ जप सम्पूर्ण करने पर वह ब्रह्महत्या के दोष को भी पार कर जाता है। अनेक प्रकार के पापों से छूट कर वह मुक्ति पा जाता है।

शास्त्रों में नाम संकीर्तन आदि के इतने प्रसंग हैं कि उनकी गणना भी करना बड़ा कठिन है। गरुड्पुराण में ऐसा उल्लेख मिलता है:-

नास्ति नास्ति महाभाग कलिकालसमं युगम् ।
स्मरणात् कीर्तनाद् विष्णोः प्राप्यते परमं पदम् ।।

महाभाग ! कलिकाल के समान दूसरा कोई युग नहीं है; इसमें भगवान् के स्मरण कीर्तन से मनुष्य परमपद प्राप्त कर लेता है।

-स्कन्दपुराण

"पापानलस्य दीप्तस्य मा कुर्वन्तु भयं नरा।
गोविन्दनामे मेघोघेर्नश्यते नीरविन्दुभिः ।।"

हे मनुष्य! प्रदीप्त पापानि को देख कर भय न करो। गोविन्दनामरूप मेधों के जलबिन्दुओं से इसका नाश हो जायेगा। वेदान्त-दर्शन के रचयिता भगवान् वेदव्यास ने श्रीमद्भागवत में वर्णित किया और ज्ञानीग्रेश श्री शुकदेव जी ने शीघ्र ही मृत्यु को आलिंगन करने के लिए तत्पर बैठे राजा परीक्षित को सुनाया

कलेदर्दोषनिधे राजन्नस्ति होको महान् गुणः।
कीर्तनादेव कृष्णस्य मुक्तसंगः परं व्रजेत् ।।
कृते यद् ध्यायतो विष्णु त्रेतायां यजतो मखैः।
द्वापरे परिचर्यायां कली तद्धरिकीर्तनात् ।।

हे राजन! इस दोषों से घिरे हुए कलियुग में एक महान् गुण यह है कि केवल श्रीकृष्ण के "नाम-कीर्तन" से ही मनुष्य कर्म-बन्धन से मुक्त हो कर परमात्मा को प्राप्त कर लेता है। सत्ययुग में ध्यान से, त्रेता में यज्ञों से और द्वापर में परिचर्या से जो पद प्राप्म होता था, वहीं कलियुग में केवल श्री हरिनाम कीर्तन से प्राप्त होता है।

महापुरुषों ने और शास्त्रों ने मनुष्य मात्र के कल्याण के लिए अनेक उपाय बताये हैं; परन्तु कलियुग में जो प्रमुख और सुगम साधन माना गया है, वह भगवान् के नाम का कीर्तन है-"कलौ केशवकीर्तनात्।"

भगवान् के नाम की महिमा तो अमिट है, परन्तु जब संकीर्तन के द्वारा भगवान् की गुहार की जाये तो वह बहुत जल्दी उनके पास पहुँच जाती है। वैसे तो भगवान् ने स्वयं घोषणा की है कि न वे वैकुण्ठ में हैं और ही योगियों के हृदय में। वे तो जहाँ उनके भक्त उनके नाम का गायन करते हैं, वहाँ वे निवास करते हैं।

कलिं सभाजयन्त्यार्या गुणज्ञाः सारभागिनः ।
यत्र संकीर्तनेनैव सर्वः स्वार्थोऽभिलभ्यते ।।

बुद्धिमान् कलियुग की प्रशंसा करते हैं कि इस युग में संकीर्तन से ही सब स्वार्थ सिद्ध हो जाते हैं।

-श्रीमद्भागवत ११.५.३६

नाऽहम् वसामि वैकुण्ठे योगिनां हृदये च न ।
मद्भक्ताः यत्र गायन्ति तत्र तिष्ठामि नारद ।।

चैतन्य महाप्रभु के कीर्तन को सुन कर वन में रहने वाले भीषण सिंह, भालू, आदि हिंसक पशु भी प्रेम में निभा हो कर नाम-कीर्तन करते हुए नाचने लगते हैं। भगवान् का भी यही कहना है

गीत्वा तु मम नामानि नर्तयेन्मम सन्निधौ।
इदं ब्रवीमि ते सत्यं क्रीतोऽहं तेन चार्जुन।।

जो मेरे नाम का गान करता हुआ मुझे अपने समीप मान कर मेरे सामने नाचता है, में सत्य कहता हूँ कि में उसके द्वारा खरीदा जाता है। भगवानकीर्तनका प्रभाव वातावरण एवं पर्यावरण पर भी पड़ता है. वायुमण्डल के कम्पन और लहरा में भी इसका प्रभाव होता है। महामन्त्र के तीन नाम है-हरि, राम और कृष्ण। इनमें ”हरि” शब्द का अर्थ है ”हरति योगिचेत्ताँसीति” होता है। जो योगियों के बिलों को हरण करता है, वह हरि है अथवा **”हरिहरति पापानि दुष्टचित्तेरपि स्मृतः। अनिच्छयापि संस्पृष्टो दहत्येव हि पावकः।”**

जैसे अनिच्छा से स्पर्श कर लेने पर भी अधि जला देती है, इसी प्रकार दुष्ट चित्त से भी स्मरण किया हुआ जो हरि पापों को हर लेता है, उसे ही कहते हैं। ”राम” शब्द का अर्थ है **रमन्ते योगिनो अस्मिन्त्रिति रामः”** जिसमें योगीगण रमण करते हैं उसका नाम राम है, अथवा **”रमन्ते योगिनोऽअनन्ते नित्यानन्दे चिदात्मनि। इति राम पदेनासीपरमब्रह्माभिधीयते।”** जिस अनन्त चिदात्मा परब्रह्म में योगीगण रमण करते हैं, वह राम है। ”कृष्ण” शब्द का अर्थ है- **”कर्षति योगिनां मनांसि इति कृष्णः”** जो योगियों के चित्त को आकर्षित करता है, वह कृष्ण है।

कुछ सन्त-महापुरुषों ने इस मन्त्र में श्रीराम, श्रीकृष्ण और श्री शिव को मिलाते हुए त्रिवेणी के रूप में माना है और साधारणतया भक्तजन इसी भावना को ले कर इस मन्त्र का जप करते हैं। परन्तु शास्त्रों में इस मन्त्र का जो उल्लेख मिलता है, वह ऊपर दिया गया है।

येऽहर्निशं जगद्धातुर्वासुदेवस्य कीर्तनम् ।
कुर्वन्ति तान् नरव्याघ्र न कलिर्बाधते नरान् ।।

नरश्रेष्ठ! जो लोग दिन-रात जगदाधार वासुदेव का कीर्तन करते हैं, उन्हें कलियुग नहीं सताता।

-विष्णुधर्मोत्तर

कृष्णकृष्णेति कृष्णेति कली वक्ष्यति प्रत्यहम्।
नित्ययज्ञायुतं पुण्यं तीर्थकोटिसमुद्भवम् ।।

जो कलियुग में नित्यप्रति ’कृष्ण, कृष्ण, कृष्ण’ का उच्चारण करेगा, उसे प्रतिदिन दस हजार यज्ञों और करोड़ों तीयों का पुण्य प्राप्त होगा।

-स्कन्दपुराण

श्री चैतन्य महाप्रभु ने इस मन्त्र की महिमा बड़े विस्तार से की है और चूंकि वे भगवान् कृष्ण से आकर्षित थे, इसलिए महामन्त्र में "हरे कृष्ण" का वाक्य पहले रखा और "हरे राम" का दूसरा है।

यहाँ शिवानन्द आश्रम में ३ दिसम्बर, १९४३ को जो महामन्त्र का अखण्ड जप आरम्भ हुआ, इससे सम्बन्धित भी एक कथा है। मेजर जनरल ए. एन. शर्मा पहली दिसम्बर, १९४३ में आश्रम में आ कर श्री गुरुदेव स्वामी शिवानन्द जी महाराज से मिले। अपने वार्तालाप के बीच उन्होंने यह बात भी कही कि जो यह द्वितीय विश्व युद्ध हो रहा है, इससे बहुत ही बर्बादी हो रही है। इसके रोकने के लिए क्या कोई उपाय है। सद्गुरुदेव स्वामी शिवानन्द जी महाराज ने उत्तर में कहा कि यदि अखण्ड महामन्त्र का जप कई स्थानों पर किया जाये तो इसके प्रभाव से दो वर्षों में यह विश्व युद्ध खत्म हो जायेगा। दूसरे ही दिन जब सद्गुरुदेव अपने कार्यालय में पहुँचे तो उन्होंने कहा कि मैंने जनरल साहब को राय तो दे दी, परन्तु स्वयं नहीं किया। अतः कल प्रातः से भजन हॉल में श्री महामन्त्र का अखण्ड जप आरम्भ हो जाये। वही अखण्ड जप अभी तक चल रहा है; यद्यपि अक्तूबर १९४५ में (जहाँ तक मुझे याद है) विश्व युद्ध समाप्त हो गया था। विश्व युद्ध की समाप्ति पर भजन हॉल के इन्चार्ज स्वामी जी ने सद्गुरुदेव जी से यह अनुरोध किया कि विश्व युद्ध तो समाप्त हो गया है और अब हमें भी यहाँ पर भजन हॉल में जो महामन्त्र का अखण्ड जप चल रहा है, इसे भी विधिवत् समाप्त करना चाहिए। सद्गुरुदेव जी का उत्तर था कि यह एक शुभ और पुण्य कार्य है और इसे बराबर चलते रहना चाहिए। महामन्त्र संकीर्तन अब तक अनवरत चल रहा है।

हरे राम हरे कृष्ण कृष्ण कृष्णेति मंगलम्।
एवं वदन्ति ये नित्यं न हि तान् बाधते कलिः ।।

हरे राम हरे कृष्ण कृष्ण कृष्ण ! ऐसा जो सदा कहते हैं, उन्हें कलियुग हानि नहीं पहुंचा सकता।

-पद्यपुराण

भक्ति-संगीतः ईश्वर-साक्षात्कार का अनुपम साधन

श्री स्वामी विद्यानन्द जी महाराज

परम पूज्य श्री स्वामी शिवानन्द जी महाराज भक्ति-संगीत को योग का स्थान देते हैं। वह भजन तथा कीर्तन को प्रोत्साहन देते है जिसमे मनुष्य शीघ्र ही आध्यात्मिक उत्पति कर सके। यदि हम राम राम राम राम राम नाम का जप-कीर्तन करें तो इससे यह भाव व्यक्त होता है कि गायक तथा श्रोता दोनों को आनन्द प्रदान करता है तथा सभी में शुद्ध भावना के प्रस्फुटन द्वारा भाव-समाधि का संचार करता है।

भक्ति-संगीत दिव्य है। यह मनुष्य को ईश्वर के सन्निकट लाता है। यह स्वतः ईश्वर ही है। हम इसे नादब्रह्म कहते हैं। भक्ति-संगीत ब्रह्म का प्रतीक है। साधना के रूप में हम इसे नाद-उपासना करते हैं। विद्या की देवी सरस्वती अपने हाथों में वीणा धारण करती है। वीणा नाद का प्रतीक है। इस वीणा से ॐ की अमर ध्वनि संचरित होती है। भगवान् कृष्ण अपने हाथों में बाँसुरी लिये हुए हैं। इससे आत्म-संगीत का सृजन होता है। मौरा, गौरांग, सूरदास, कबीरदास, रामदास, तुकाराम, त्यागराज तथा अन्य अनेक सन्तों ने संगीत द्वारा ही ईश्वर-साक्षात्कार प्राप्त किया।

संगीतमय कीर्तन सभी के हृदय को द्रवित करता है। यह दिव्य स्पन्दनों का निर्माण करता है जो शनैः शनैः जीवात्मा को परमात्मा से मिला देते हैं। यही आध्यात्यिक साधनाओं का लक्ष्य है। भक्ति-संगीत द्वारा मानव जीवन का चरम लक्ष्य सुगमतया प्राप्त किया जाता है।

ईश्वर के अमृतमय श्री राम, श्री कृष्ण नाम तथा उसकी महिमा का यदि उपयुक्त साधनों के द्वारा गान किया जाये तो इससे हृदय शुद्ध होता है, सांसारिक कष्टों की ज्वालाएँ बुझ जाती हैं तथा मनुष्य जन्म-मृत्यु के चक्र से मुक्त हो जाता है। यह मनुष्य को श्रेय मार्ग से ले जा कर ज्ञान प्रदान करता है, ईश्वरीय कृपा का संचार करता है तथा गायक एवं श्रोता दोनों को ईश्वरीय योग प्राप्ति के लिए समर्थ बनाता है।

कीर्तनादेव कृष्णस्य विष्णोरमिततेजसः ।
दुरितानि विलीयन्ते तमांसीव दिनोदये ।।

अमित तेजस्वी सर्वव्यापी भगवान् श्रीकृष्ण के कीर्तन मात्र से समस्त पाप उसी तरह विलीन हो जाते हैं, जैसे दिन निकल आने पर अन्धकार।

-पद्मपुराण

संकीर्तन-सम्राट् स्वामी शिवानन्द

श्री स्वामी अर्पणानन्द जी महाराज

सद्गुरुदेव श्री स्वामी शिवानन्द जी महाराज ने आधुनिक मनुष्य के लिए कीर्तन को आवश्यक माना। बीसवीं शताब्दी के एक महान् सन्त के रूप में उन्होंने घोषित तथा प्रमाणित किया कि संकीर्तन ही भगवद्धामि का सरलतम तथा लघुतम साधन होते हुए, भी निःसन्देह ही, श्रेष्ठतम सफलता देने वाला एकमात्र प्रभावशाली साधन है।

यूँ तो दिव्य जीवन संघ सन् १९३६ में स्थापित किया गया; किन्तु संकीर्तन का प्रचार व प्रसार गुरुदेव ने सन् १९३३ से ही आरम्भ कर दिया था। वे संकीर्तन-सम्राट् थे। उन्होंने सभाओं तथा सम्मेलनों का उत्तर भारत में कई स्थानों पर आयोजन किया। लाहौर हरिनाम संकीर्तन मण्डल के वार्षिक संकीर्तन सम्मेलन उत्सव में गुरुदेव ने सभा मंच पर खड़े हो कर भाव-विभोर हो जो कीर्तन करना आरम्भ किया तो समस्त श्रोतागण भी खड़े हो कर, मन्त्र मुग्ध हो कर कीर्तन करने लगे। बैरिस्टर, मजिस्ट्रेट और दूसरे बड़े-बड़े लोग जो कीर्तन का उपहास किया करते थे, गुरुदेव के चुम्बकीय

व्यक्तित्व से तथा उत्साह से इतने प्रभावित हो जाते कि स्वयं मंच पर जा कर कीर्तन करने लगते और इस कीर्तन-प्रचार में अपना पूर्ण सहयोग देने लगते।

परम श्रद्धेय गुरु भगवान् से करबद्ध हार्दिक प्रार्थना है कि भौतिक जगत् की दुःखाद्रि में तपते हुए, आज के जनमानस, हम सथ प्राणिमात्र को, श्री हरि संकीर्तन की शीतल फुहारों को पाने के लिए शक्ति, उत्साह तथा प्रेरणा प्रदान करें तथा अपनी अहेतुकी कृपा द्वारा हमसे हरिनाम रटा कर, इस जन्म में ही हमारी डोलती नैया भव सागर से पार लगायें।

कृष्णकृष्णेति नित्यं जाग्रत् स्वपंश्च यः।
कीर्तयेत्तु कलौ चैवं कृष्णरूपी भवेद्धि सः ।।

जो कलियुग में प्रतिदिन जागते और सोते समय 'कृष्ण, कृष्ण, कृष्ण' का कीर्तन करता है, वह श्रीकृष्णस्वरूप हो जाता है ।

-स्कन्दपुराण

भगवन्नाम ही सब-कुछ है

श्री स्वामी शिवानन्द जी महाराज



(१) सत्ययुग में केवल ध्यान-मार्ग को ही विशेष प्रकार का साधन बताया गया है; क्योंकि उस युग में मनुष्यों की बुद्धि साधारणतया शुद्ध और विघ्न-बाधाओं से मुक्त थी।

(२) त्रेतायुग में यज्ञ प्रचलित था, क्योंकि यज्ञ की सामग्री मुविधापूर्वक प्राप्त थी और उस समय मनुष्य कुछ रजोगुण की ओर झुके हुए थे।

(३) द्वापरयुग में पूजा की प्रणाली पर जोर दिया गया है।

(४) कलियुग में मनुष्यों की बुद्धि या प्रकृति भोग की ओर अधिक झुकी होती है। ध्यान, पूजा तथा यज्ञ-कर्म सम्भव नहीं है। उच्च स्वर में भगवद्-मन्त्र का उच्चारण या कीर्तन या नामस्मरण (भगवान् के नाम का जप) भगवद्-प्राप्ति के मुख्य साधन है।

(५) भगवान् का नाम नौका है और संकीर्तन तुम्हारी पतवार है। इस संसार-सागर को इस नौका तथा पतवार से पार करो।

(६) बिना भगवन्नाम जप के किसी भी प्राणी को मुक्ति प्राप्म नहीं होती। तुम्हारा सबसे उच्च कर्तव्य उसका निरन्तर नाम-स्मरण करना है।

(७) राम-नाम चारों वेदों का सार है। जो कोई 'राम, राम' का निरन्तर जप करता है और प्रेम के आंसू चहाता है, उसे जप नित्य और स्थायी आनन्द प्राप्त कराता है। राम का नाम उसका पथ-प्रदर्शक बनेगा। अतः 'राम-राम भजो।

(८) राम नाम का उच्चारण करने वाले प्राणी को दुःख कभी नहीं होता है; उसमें मनुष्यों को आवागमन के चक्र से छुड़ाने का सामर्थ्य होता है ।

(९) हरि का नाम पापों को विध्वंस करने के लिए सबकी अपेक्षा अधिक सुरक्षित तथा सरल उपाय है यह बात किसी से गुभ नहीं है।

(१०) भगवान् का नाम शक्ति को प्राप्त करने का ऐसा उपाय है जो कभी विफल नहीं होता। तुम्हारी परीक्षा के सबसे अधिक संकटमय समय पर केवल भगवान् का नाम ही तुम्हारी रक्षा कर सकता है।

कलेदर्दोषनिधे राजन्त्रस्ति होको महान्गुणः।
कीर्तनादेव कृष्णस्य मुक्तसङ्गः परं व्रजेत् ।।

राजन् । दोषों के भण्डार कलियुग में यही एक महान् गुण है कि इस समय श्रीकृष्ण का कीर्तन मात्र करने से मनुष्य सङ्गमुक्त हो परमपद को प्राप्त हो जाता है।

-श्रीमद्भागवत १२.३.५१

(११) प्रह्लाद, ध्रुव, सनक आदि ने भगवान् का साक्षात्कार नाम-स्मरण द्वारा ही किया। (१२) पापी से पापी मनुष्य भी भगवान् के नाम जप से निश्चयतः भगवद-प्राप्ति कर सकता है।

(१३) भगवान् के नाम का स्मरण इस दृढ विश्वास के साथ करो कि उसमें तथा उसके नाम में कोई अन्तर नहीं है।

(१४) हरि-नाम के जप से मन के सब विकार नष्ट होते हैं; वह परम सुख से पूर्ण हो जाता है। वह आत्मा को परमात्मा में लीन करके उसकी सत्ता का बोध कराता है।

(१५) प्रेम और भक्तिपूर्वक उसके नाम के गुण गाओ और अपना सब-कुछ उसको अर्पण करके उसकी शरण ले लो यह सन्तों की वाणी और शास्त्रों का निर्णयात्मक अन्तिम वाक्य है।

(१६) भगवद्-गुणगान से चित्त दर्पण की भाँति शुद्ध हो जाता है, सारी वासनाएँ समाप्त हो जाती हैं और मन आनन्द-विभोर हो जाता है।

(१७) भगवन्नाम की ढाल द्वारा प्रलोभनों का मुकाबला करो। एकान्त-वास तथा मौन व्रत धारण करो और आध्यात्मिक जीवन व्यतीत करो। तुम्हारे सारे दुःख तथा संकटों का नाश हो जायेगा और तुम सबसे अधिक आनन्द पाओगे।

(१८) 'ॐ' भजो, 'ॐ नमः शिवाय' जपो। 'हरे राम, हरे कृष्ण' गाओ और इस प्रकार से अन्तर-स्वर को झंकृत कर दो।

(१९) लगातार 'ॐ नमो भगवते वासुदेवाय' का जप करो तथा उसकी अनुकम्पा और दर्शन प्राप्त करो।

(२०) भगवान् का नाम ही सर्व व्याधियों की औषधि है। केवल उस पर ही भरोसा करो। भगवान् का नाम अत्यन्त शक्तिशाली प्रकाश, बलकारक औषधि, सर्व रोगनाशक और सभी प्रकार अनुभव किया हुआ रसायन और सर्वोपरि औषधि है।

(२१) नाम और नामी में कोई अन्तर नहीं है अर्थात् भगवान् और भगवन्नाम दोनों का समान महत्त्व है।

(२२) नाम तुम्हें भगवान् का साक्षात् दर्शन करा सकता है।

(२३) नाम ही मार्ग है और नाम ही चरम लक्ष्य है।

नराणां विषयान्धानां ममताकुलचेतसाम् ।

एकमेव हरेर्नाम सर्वपापविनाशनम् ।।

ममता से व्याकुल-चित्त हुए विषयान्ध मनुष्यों के समस्त पापों का नाश करने वाला एकमात्र हरिनाम ही है।

-वृहद् नारदीय पुराण

(२४) भगवान का नाम एक सुरक्षित नौका है, जिसके आश्रय में तुम अभय पा सकते हो. मुक्ति प्राप्त कर सकते हो तथा परमानन्द का अनु कर सकते हो।

(२५) भगवन्नाम सर्वोपरि पवित्रता का प्रदाता तथा प्रकाश देने वाला है।

(२६) भगवान् का नाम अज्ञान रूपी अन्धकार का विनाशक है।

(२७) भगवान् का नाम सर्वसुखदाता है। वह नित्यानन्द और परम शान्ति प्रदान करने वाला है।

(२८) भगवन्नाम का प्रताप तथा महिमा अगम्य और अगोचर है।

(२९) भगवन्नाम अगणित तथा अपार शक्तियों का भण्डार है।

(३०) भगवन्नाम दीर्घायु देने वाला अमृत है।

(३१) संसार के सारे धनों से अधिक मूल्यवान् है- भगवन्नाम।

(३२) भगवान् से भक्त को मिलाने वाला सेतु केवल भगवान् का नाम है।

(३३) मोक्ष-द्वार को खोलने की कुंजी तथा परमानन्द प्राप्ति का साधन है-भगवान् का नाम ।

(३४) भगवन्नाम के बल पर हृदय ईश्वरीय प्रेम, प्रसन्नता तथा आनन्द से भर जाता है।

(३५) भगवन्नाम तुम्हारा मुख्याधार, समर्थक, रक्षक, धर्म केन्द्र, आदर्श तथा विश्वास स्थान है।

(३६) भगवन्नाम शान्ति, भक्ति और एकता स्थापित करता है।

(३७) भगवन्नाम का सहारा ग्रहण करो और निरन्तर भक्ति तथा भाव से एकाग्र-चित्त हो कर उसका भजन करो। तुम्हारे सारे दुःख, विपत्तियाँ और विघ्न नष्ट हो जायेंगे।

श्री भगवान् और उनका नाम अभिन्न है

श्रीरामकृष्ण परमहंसदेव

श्री भगवान् और उनका नाम अभिन्त्र हैं। नाम उनकी शक्ति है। नाम की कृपा से उनके चिन्मयरूप का दर्शन प्राप्त होता है। नाम के द्वारा ज्ञान होता है, प्रेम होता है। नाम की कृपा से उनका सानिध्य प्राप्त होता है। नाम सत्य है, नाम नित्य है।

कलियुग में भक्तियोग है-नारदीय भक्ति। नारदीय भक्ति अर्थात् भगवान् का नाम-गुण-कीर्तन करना। कलियुग में याग, यज्ञ, वेदोक्त कर्म करने के लिए समय कहाँ है? नाम का आश्रय लेने पर विचार की आवश्यकता नहीं रहती है। नाम के गुण से सारे सन्देह और कुतर्क दूर हो जाते हैं। नाम से देह-मन शुद्‌ध होता है और ईश्वर की प्राप्ति होती है। निर्जन में गुम रूप से नाम लेते-लेते उनकी कृपा होती है, फिर दर्शन होते हैं। जो राम है, वही नाम है।

एक साधु आये थे। नाम में उनका अनन्य विश्वास था। उनके पास और कुछ भी नहीं था केवल एक लोटा और एक किताब। किताब को वे बड़े आदर से रखते। प्रतिदिन फूल बढ़ा कर पूजा करते और बीच-बीच में खोल कर देखते। उनसे बातचीत हुआ करती। एक दिन बहुत कुछ कह-सुन कर उनसे देखने के लिए किताब मांग ली। खोल कर देखा तो उसमें लाल स्याही से बड़े-बड़े अक्षरों में लिखा था- रामः। उन्होंने कहा, ’बहुत ग्रन्थों को पढ़ कर क्या होगा? एक भगवान् से ही तो सारे वेद-पुराण निकले हैं। उनमें और उनके नाम में अभेद है। अतएव चार वेद, अठारह पुराण-सब शास्रों में जो कुछ है, वह सभी एक नाम में विद्‌यमान है। इससे बस, उनका नाम ही लिख रखा है।

ऋग्वेदोऽथ यजुर्वेदः सामवेदो ह्यथर्वणः।

अधीतास्तेन येनोक्तं हरिरित्यक्षरद्‌वयम् ।।

जिस भाग्यशाली मनुष्य की जिह्वा पर ’हरि’ इन दो अक्षरों वाले भगवान् का नाम विराजमान रहता है, उसने भगवड ऋग्वेदादि चारों वेदों का अध्ययन कर लिया।

-वामनपुराण

’अमृत के कुण्ड में चाहे कोई इच्छापूर्वक उतर कर नहा ले या भूल से गिर पड़े, अथवा कोई धक्का दे कर गिरा दे-अमृत का स्पर्श होते ही वह अमर हो जाता है। इसी प्रकार भगवान् का नाम चाहे जैसे भी लिया जाये वह भगवान् को मिला देता है।’

एक साधु से किसी ने पूछा- ’महाराज’ नाम लेने से क्या होता है?’ साधु ने उत्तर दिया- ’क्या होता है? नाम से क्या नहीं होता? जिस माया ने जगत् को मोहित कर रखा है, अज्ञानी बना रखा है- नाम के प्रभाव से वह माया भी मोहित हो जाती है- अपना प्रभाव खो देती है। चाहने से कहीं बहुत अधिक प्राप्त होता है। चाहना-पाना दोनों मिट जाते हैं।’

कल्पवृक्ष सम है सदा करुणामय हरिनाम।

चाह किये देता मुकति, प्रेम किये व्रजधाम ।।

’नाम कल्पतरु है मुक्ति चाहोगे, मुक्ति मिलेगी; ब्रह्मानन्द चाहोगे, ब्रह्मानन्द मिलेगा; व्रजरस चाहोगे, व्रजरस मिलेगा। नाम सब अभीष्ट को देनेवाला है। नाम के लिए कुछ भी असाध्य नहीं है।’

किं करिष्यसि सांख्येन किं योगैर्नरनायक।

मुक्तिमिच्छसि राजेन्द्र कुरु गोविन्दकीर्तनम् ।।

नरेन्द्र ! सांख्य और योग का अनुष्ठान करके क्या करोगे? यदि मुक्ति चाहते हो तो गोविन्द का कीर्तन करो।

-गरुड़पुराण

नामेव परमो धर्मो नामेव परमं तपः।
नामैव परमो बन्धुनमिव जगतां गतिः ।।

’नाम ही परम धर्म है, नाम ही परम तप है, नाम ही परम बन्धु है, नाम ही जगत् की गति है। हरिनाम सुख का धाम है, नाम के समान कोई सम्पत्ति नहीं है, नाम के समान शक्ति नहीं है, नाम के समान संग नहीं है, नाम के समान कुछ भी नहीं है।’

’नाम ही परम गुरु है।’

’मनुष्य की क्या सामर्थ्य है कि वह दूसरे को संसार-बन्धन से मुक्त करे? जिसकी भुवनमोहिनी माया है, वे ही माया से मुक्त कर सकते हैं। सच्चिदानन्द के बिना गति नहीं है। नाम ही सच्चिदानन्द है।’

कृष्णाय वासुदेवाय हरये परमात्मने।
प्रणतक्लेशनाशाय गोविन्दाय नमो नमः ।।

सबको अपनी ओर खींचने वाले कृष्ण, सबके हृदय में निवास करने वाले वासुदेव, पाप-ताप को हरने वाले श्रीहरि परमात्मा तथा प्रणतजनों का क्लेश दूर करने वाले भगवान् गोविन्द को बारम्बार नमस्कार है।

-पद्मपुराण



रामदास-वचनामृत

पप्पा रामदास



नाम स्मरण

मारी साधना परमात्मा का स्मरण अनवरत बनाने के लिए होती है। स्मरणदर्शन है। सबसे सरल उपाय परमात्मा के नाम का सतत जप है। नाम भक्त और भगवान के बीच की कड़ी है। इससे एक को माक्षात्कार होता है और परमात्मा के साथ एकत्व अनुभव करने योग्य होता है। नाम-स्मरण में वह वैश्वदेने का है जिसके द्वारा मनुष्य हर एक को परमात्मा के रूप में देखता है। जब आप नाम का जप करते हैं तब आप उन भगवान् का नाम लेते हैं जो आपके हृदय में बैठे हैं।

आपके अन्दर जितनी बड़ा है उसे आप परमात्मा के नाम के जप में उडेल दें। एक क्षण भी हो बिना आप जप करते चले जाइए चाहे आप रसोई में हैं, या पानी लाने में सलाम है नहा रहे हैं, बाजार में चल रहे है या कोई अन्य शारीरिक कार्य कर रहे हैं। यदि आपके होठों पर सदा नाम नहीं रहता तो आप अपने को दुःखी होने से नहीं बचा सकते। इस बात को आप सदा के लिए पढ़े बाँध लीजिए।

जप परमात्मा के प्रति प्रगाढ़ प्रेम तथा भक्ति से करना चाहिए; इसे वह अनुशासन न समझिए जो किसी दूसरे ने आप पर लाद दिया है। यदि आपको जप करने में आनन्द नहीं प्राप्म होता, तो आप जप न करें क्योंकि इससे आपको बहुत सहायता न मिलेगी। जब आपके अन्दर परमात्मा के लिए प्रेम होगा, तब परमात्मा के नाम का जप आपको महान् आनन्द प्रदान करेगा। उनके नाम के जप के साथ उनके प्रति आपके प्रेम का स्वजात निःस्राव रहे तब तो सहायता मिलती है, केवल यन्त्रवत् जप से कुछ नहीं बनता।

यह सदा आवश्यक नहीं कि आप भगवान् के नाम का गान ऊँचे स्वर से करें। प्रारम्भिक अवस्थाओं में यह शायद सहायक हो। परन्तु मानसिक जप सदा अधिक प्रभावी होता है। परमात्मा के सभी नाम महान् और सशक्त हैं। परन्तु राम नाम का अपना ही मूल्य है। लब मन्त्र में एक बहुत ही महत्त्व का अवयव है। जप के शब्द या शब्दों का मिश्रण के शमनकारी स्वरानुक्रम का व्याकुल मन पर चमत्कारी प्रभाव होता है। कोई दो मिले हुए अक्षर अपने सुसंग संगीत-द्वारा मन का शमन कर उसे शान्ति नहीं दे सकते जितना 'राम' देता है। यह ठीक ही कहा गया है कि शक्ति में 'राम' पवित्र अक्षर " के बराबर है।

रमन्ते योगिनोऽनन्ते नित्यानन्दे चिदात्मनि।
इति रामपदेनासौ परं ब्रह्माभिधीयते ।।

योगी लोग जिस अनन्त नित्यानन्द चिदात्मा में रमण करते हैं, उसी का राम-पद से बोध होता है। उसी को परब्रह्म कहते हैं।

-रामपूर्वतापिन्युपनिषद्

जो भक्त परमात्मा के सगुण या व्यक्तिगत पक्ष के द्वारा उन तक पहुँचने का यत्न करता है, उसके लिए 'राम' मूल्यवान् भी है, क्योंकि यह परमात्मा के एक अवतार का नाम है। इन कारणों से रामदास का विचार है कि भारत में अन्य किसी नाम की अपेक्षा राम-नाम अधिक सर्वप्रिय है।

विष्णोरेकैकनामापि सर्ववेदाधिकं मतम् ।
तादृङ्ग्रामसहस्रेण रामनाम समं स्मृतम् ।।

भगवान् विष्णु का एक-एक नाम भी सम्पूर्ण वेदों से अधिक माहात्म्यशाली माना गया है। ऐसे एक सहस्र नामों के तुल्य रामनाम कहा गया है।

-पद्मपुराण

परमात्मा आश्चर्य है। उनका नाम अधिक महान् आश्चर्य है जैसे कीड़ा लकड़ी में सुराख कर देता है यहाँ तक कि वह उसे अन्दर में खोखला बना देता है वैसे ही राम-मन्त्र धीरे-धीरे आपकी समस्त इच्छाएँ नह कर देता है और आपको पूर्णतया शुद्ध बना देता है। इसको गाने से आपके अन्दर नवीन बल, नूतन आनन्द और नव प्रकाश अपने-आप प्रकट होंगे। तब आप अनुभव करेंगे कि आप अमर और तेजस्वी आत्मा हैं जो परमात्या से अभित्र है।

स्वयं नाम या मन्त्र को परमात्मा समझना चाहिए। उनके किसी पृथक् रूप का ध्यान करने की आवश्यकता नहीं। नाम का स्वा नाद-ब्रह्म या शब्द ब्रह्म है, इस पर चित्त को एकाग्र करें। कुछ समय तक मन्त्र का जप करने के पश्चात् आपका मन शान्त हो जायेगा। इस प्रशान्तता में आप अपने अन्दर बैठे परमात्मा का अनुभव करेंगे और तत्पश्चात् उनकी उपस्थिति हर समय अनुभव की जायेगी। परमात्मा के माक्षात्कार का सबसे सरल उपाय नाम जप है।

रामं दूर्वादलश्यामं पद्याक्षं पीतवाससम् ।
स्तुवन्ति नामभिर्दिव्यैर्न ते संसारिणो नराः ।।

जो ड्वादल के समान श्यामसुन्दर कमलनयन पीताम्बरधारी भगवान् श्रीराम के दिव्य नामों से स्तवन करते हैं, वे मनुष्य कभी संसार-बन्धन में नहीं पड़ते हैं।

-श्रीरामरक्षास्तोत्र

श्री रामचरितमानस में नाम महिमा

स्वामी श्री अखण्डानन्द सरस्वती

चहुँ जुग तीनि काल तिहुँ लोका। भए नाम जपि जीव बिसोका ।।
बेद पुरान संत मत एहू। सकल सुकृत फल राम सनेहू।।
ध्यानु प्रथम जुग मखबिधि दूजें। द्वापर परितोषत प्रभु पूजें।।
कलि केवल मल मूल मलीना। पाप पयोनिधि जन मन मीना।।
नाम कामतरु काल कराला। सुमिरत समन सकल जग जाला।।
राम नाम कलि अभिमत दाता। हित परलोक लोक पितु माता।
नहि कलि करम न भगति बिबेकू। राम नाम अवलंबन एकू ।।
कालनेमि कलि कपट निधानू। नाम सुमति समरथ हनुमानू।।

दो०- राम नाम नरकेसरी कनककसिपु कलिकाल।
जापक जन प्रहलाद जिमि पालिहि दलि सुरसाल ।।

'चहुँ जुग तीनि काल तिहुँ लोका' तो देखो, भूत-भविष्य वर्तमान में जो चारों युग होते हैं और तिहुँ लोकाये जो स्थान है और जितने जीव हैं, ये सब नाम का जप करके शोकरहित हो गये हैं। सब देश में, सब काल में, सब लोक में जो भी जीव शोक रहित हुआ है वह भगवान् के नाम का जप करके शोकरहित हुआ है।

'बेद पुरान सन्त मत एहू' - इसलिए वेद, पुराण, सन्त मुख्य प्रमाण हैं। अपौरुषेय ज्ञानराशि और पुराण जो हैं, वे ऋषियों के द्वारा स्मरण किये गये हैं। सन्त जो अनुभवी पुरुष होते हैं उनका अर्थात् तीनों का यह मत है। क्या मत है?

सकृदुच्चारयेद्यस्तु रामनामेति मंगलम्।
हेलया श्रद्धया वापि स पूतः सर्वपातकैः ।।

जो श्रद्धा या अवहेलना से भी एक बार राम नाम का उच्चारण करता है, वह सब पापों से मुक्त हो पवित्र हो जाता है।

-ब्रह्मरहस्य

'सकल सुकृत फल राम सनेहूँ'- जितना संसार में पुण्य है; सुकृत माने पुण्य, उसका यह फल है कि राम से स्नेह होवे। देखो, स्नेह हुए बिना तो रहेगा नहीं। यह हृदय स्नेह से भरा हुआ है; लेकिन इसको कोई दुनिया में जोड़ देते हैं, जैसे

कोई दूध बालू में बिखेर दे, किसके हाथ लगा? और किसी ने गिलास में भर कर अपने प्यारे को पिला दिया। जिसने अपने प्यारे को दूध पिलाया, उसका दूध सफल हो गया और जिसने बालू में बिखेर दिया, उसका नुकसान हो गया। सब पुण्यों का फल यह है कि भगवान् से स्नेह किया जाये, संसार में अगर किसी को स्नेह दोगे, तो वह मरेगा, वह बिछुड़ेगा, वह बेवफा हो जायेगा; लेकिन भगवान् से प्रेम करोगे तो न मरेंगे, बिछुड़ेंगे, न बेवफा होंगे, ये सदा तुम्हारे हृदय में रहने वाले हैं। तो सब पुण्यों का फल यह है कि भगवान् से प्रेम करो।

'ध्यान प्रथम जुग मख विधि दूजें'- अब समय के अनुसार चताते हैं 'प्रथम जुग' माने सत्ययुग में ध्यान करना चाहिए। दूसरे त्रेतायुग में यज्ञ करना चाहिए। तीसरे युग-'द्वापर' में पूजा करनी चाहिए। इससे प्रभु परितुष्ट होते हैं, सन्तुष्ट होते हैं। लेकिन यह तो है कलियुग। यह न सतयुग है, न त्रेता है, न द्वापर है। सत्ययुग में लोगों का स्वभाव से ही चित्त एकाग्रता प्रधान होता है। लोग यही चाहते हैं कि हमारा मन शान्त हो जाये, हमको कुछ नहीं चाहिए। त्रेता में लोग श्रद्धा करते हैं और यज्ञ करते हैं। द्वापर में लोगों के मन में संशय बहुत होता है।
कलियुग में लोगों का मन पाप में लगता है। ये चारों युग हर समय रहते हैं। जब तुम्हारे मन में पाप आये तो समझना अब तुम कलियुग में हो। जब शंका आये तो समझना द्वापर में हो।



’कलि केवल मल मूल मलीना’ इस तरह से अपनी स्थिति को समझ कर कि यह कलह का युग है, जिसमें पति-पत्नी रोज लड़ें, पिता-पुत्र रोज लड़े, भाई-भाई रोज लड़ें, उसी का नाम कलि है, और यह मलमूल है सारी वासनाएँ, इसी में से निकलती हैं, बड़ा मलिन युग है। यह जनका जो मन है, लोगों का जो मन ”मीन” है वह पाप के समुद्र में प्रेम करके रहने लगा है, पाप-वासना के बिना मानो वह जीना ही नहीं चाहता।

अहो बत श्वपचोऽतो गरीयान्

यज्जिहवाग्रे वर्तते नाम तुभ्यम्।

तेपुस्तपस्ते जुहुवुः सस्नुरार्या

ब्रह्मानूचुर्नाम गृणन्ति ये ते ।।

अहो ! जिसकी जिह्वा पर पवित्र नाम रहता है, यह चाण्डाल भी श्रेष्ठ है; क्योंकि जो आपके नाम का कीर्तन करते हैं, उन श्रेष्ठ पुरुषों ने तप, यज्ञ, तीर्थस्नान और वेदाध्ययन सब कुछ कर लिया।

-श्रीमद्भागवत ३.३३.७

'नाम कामतरु काल कराला' इतना विकराल काल आया परिस्थिति बदल गयी । 'काल कराला'काल के गाल में हम पड़े हुए है। इसमें एक कल्पवृक्ष हमको सेलेना चाहिए, ग्रहण कर लेना चाहिए। वह कल्पवृक्ष क्या है? भगवान का नाम और वहाँ जाना नहीं पड़ता। वर जो कल्पवृक्ष है स्वर्णवाला, जिसके बारे में हम लोगों ने सुना है, कभी देखा नहीं है, वह कल्पतरु कल्पना का वृक्ष है, कल्पित है स्वयं। उसके पास तो जाना पड़ता है। मर कर जाओ तब कहीं मिले तो मिले ही नहीं। यह नाम रूपी जो कल्पवृक्ष है, वह तो इसी जीवन में मिले। 'सुमिरत समन सकल जग जाला' नाम का स्मरण करो और दुनिया का यह जाल शान्त हो जाये।

'राम-नराम कलि अभिमत दाता' - इस कलियुग में जो चाहो सो-देने वाला है और परलोक में भी हितकारी है और लोक में भी माता-पिता है। जैसे माता-पिता से चाहे जो माँग लो, वैसे नाम से चाहे जो माँग लो, मिल जायेगा।

'नहिं कलि करम न घगति विवेकू' - कलियुग में काम माने धर्म और भगति माने उपासना और विवेक माने ज्ञान। धर्म, उपासना और ज्ञान-इन तीनों घाटों की प्रधानता नहीं है 'राम नाम अवलम्बन एकू।' यह चतुर्थ घाट है, यह शरणागति का घाट है। भगवान् का आश्रय ले कर बैठ जाओ।

'कालनेमि कलि कपट निधानू'-यह कलियुग कपटनिधान कालनेमि है और इस कपटनिधान कालनेमि को मारने के लिए नाम सुमति और समर्थ हनुमान है। जैसे हनुमान जी कालनेमि को मार डालते हैं, वैसे ही यह नाम काल के प्रभाव को नष्ट कर देता है। राम-राम करो। अपने मन को राम के नाम में लगाओ, दुनिया की चर्चा में क्या रखा है?

'राम नाम नर केसरी' - राम नाम नृसिंह भगवान् है और कलिकाल हिरण्यकशिपु है और ये भक्तजन प्रहलाद के समान हैं। तो भाई यह नामरूपी जो नृसिंह है यह कलिकाल को मारने के लिए, सरमाल रिण्यकशिप है। उसको मार कर भक्त की, जन की रक्षा करेगा।

भगवान् शिव-प्रतीक दर्शन

श्री स्वामी शिवानन्द जी महाराज

भगवान् शिव ब्रह्म के संहारकारी रूप को द्योतित करते हैं। ब्रह्म का वह अंश, जो तमोगुण प्रधान माया द्वारा आच्छादित है, वह भगवान् शिव हैं वे भगवान् शिव जो सर्वव्यापक ईश्वर हैं, जो कैलास पर्वत पर रहते हैं। वे ज्ञान के भण्डार हैं। पार्वती, काली अथवा दुर्गा से रहित जो शिव हैं, वह स्वयं ही निर्गुण ब्रह्म हैं। माया-पार्वती के सहित वे अपने भक्तों की पावन भक्ति के लिए सगुण ब्रह्म बन जाते हैं। राम के भक्तों को राम की भक्ति से पूर्व तीन से छह मास तक भगवान् शिव की उपासना अवश्य करनी चाहिए। स्वयं राम ने प्रसिद्ध रामेश्वर में भगवान् शिव की पूजा की थी। भगवान् शिव दिगम्बर वेश में तपस्वियों के भगवान् हैं, योगियों के भगवान् हैं।

उनके दक्षिण हस्त में धारण किया हुआ त्रिशूल तीन गुणों-सत्त्व, रजस् और तमस् का प्रतीक है। यह प्रभुत्व को सूचित करता है। वे इन तीनों गुणों के द्वारा जगत् का नियन्त्रण करते हैं। उनके वाम हस्त में धारण किया हुआ डमरू 'शब्द ब्रह्म' का प्रतीक है। यह उस ॐ का प्रतीक है, जिसमें से समस्त भाषाएँ बनी हैं। उन्होंने ही अपने डमरू में से संस्कृत भाषा की रचना की है। अर्ध-चन्द्र यह सूचित करता है कि उन्होंने मन पर पूर्णतया नियन्त्रण कर लिया है। गंगा का प्रवाह अनश्वरता के अमृत का द्योतक है।

गज अभिमान का प्रतीकात्मक प्रकटन होता है। गज-चर्म धारण करने का अर्थ है कि उन्होंने अभिमान को नियन्त्रित कर लिया है। सिंह काम का सूचक माना गया है। उनका चापम्बर पर बैठना यह प्रकट करता है कि उन्होंने काम-लालसा को जीत लिया है। एक हाथ में मृग को पकड़े हुए होना इस बात को सूचित करता है कि उन्होंने मन की चंचलता को दूर कर दिया है। मूग बहुत शीघ्रता से एक स्थान से दूसरे स्थान पर कूदता रहता है। उनका सर्पों को

धारण करना ज्ञान और शाश्वतता का प्रतीक है। सर्प दीर्घजीवी होते हैं। वे त्रिलोचन-तीन नेत्रधारी हैं। मस्तक के मध्य में तृतीय नेत्र ज्ञान-चक्षु है।

भगवान् शिव का बीज अक्षर ॐ है।

नागेन्द्रहाराय त्रिलोचनाय भस्माङ्गरागाय महेश्वराय।
नित्याय शुद्धाय दिगम्बराय तस्मै नकाराय नमः शिवाय ।।

विशाल सर्प की माला धारण करने वाले, तीन नेत्रों वाले, भस्म का शरीर पर लेप करने वाले, सनातन, शुद्धस्वरूप वाले, दिगम्बर भगवान् शिव को नमस्कार है, जो 'नमः शिवाय' में 'न' वर्ण स्वरूप हैं।

-शिव पंचाक्षर स्तोत्रम् १

वे शिवम्, सुन्दरम्, कान्तम् है। शान्तं शिवं अद्वैतम्" (माण्डूक्य उपनिषद्) ।

मैं उन भगवान् शिव के चरणारविन्दों में करबद्ध नतमस्तक हो कोटि-कोटि प्रणाम करता है, जो अद्वय हैं, जो समस्त जगत् और समस्त हृदयों के अधिष्ठान हैं, जो सत्-चित्- आनन्द हैं, जो सर्वनियन्ता, अन्तर्यामी, सबके साक्षी है, जो स्वयंप्रकाश, स्वयंस्थित और परिपूर्ण हैं; जी आदिकालीन अविद्या को दूर करने वाले हैं और जो आदि-गुरु अथवा परम-गुरु अथवा जगद-गुरु हैं।

अपने सार रूप में मैं वही हूँ। **शिवोऽहं शिवोऽहं शिवोऽहम् ।**

भगवान् शिव का सर्प-धारण

सर्प जीवात्मा है, जिसे शिव परमात्मा धारण किये हुए हैं। सर्प के पंच-मुखों का अर्थ पंच-तत्व- पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश अथवा पाँच इन्द्रियों से है। वह पाँच प्राणों का भी प्रतीक है जो सर्प की कुंकार की भाँति शरीर में प्रवाहित होते हैं। श्वास-प्रश्वास की ध्वनि सर्प की फुंकार की भाँति होती है। पाँच तन्मात्राएँ, पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ, पाँच कर्मेन्द्रियाँ तथा अन्य पाँच-पाँच के समूह शिव स्वयं ही है। जीवात्मा इन्हीं तत्त्वों के माध्यम से संसार के विषयों को भोगता है। जब व्यक्ति इन्द्रियों को नियन्त्रित करके ज्ञान प्राप्त कर लेता है, तब उसे सालोक्य (भगवान् शिव के लोक में स्थायी निवास) की प्राप्ति होती है। भगवान् शिव के सर्प धारण करने का यह गुहा अर्थ है।

भगवान् शिव पूर्णतया निर्भय हैं। श्रुतियों का कथन है-"यह ब्रह्म अभयम् है, अमृतम् है।" सांसारिक व्यक्ति साँप को देख कर ही भयभीत हो जाते हैं, परन्तु भगवान् शिव सर्पों को आभूषण की भाँति शरीर पर धारण किये हुए हैं। यह स्पष्ट करता है कि भगवान् शिव पूर्णतया निर्भय और शाश्वत हैं।

प्रायः सर्प दीर्घजीवी होते हैं। भगवान् शिव का सर्प-धारण करना उनके शाश्वत होने को सूचित करता है।

भस्म, नन्दी इत्यादि का अर्थ

'नमः शिवाय' भगवान् शिव का मन्त्र है। 'न' पृथ्वी और ब्रह्म का प्रतीक है। 'म' जल और विष्णु का, 'शि' अग्नि और रुद्र का, 'वा' वायु और महेश्वर का तथा 'य' आकाश तथा सदाशिव और जीव का भी प्रतीक है।

मन्दाकिनीसलिलचन्दनचर्चिताय नन्दीश्वरप्रमथनाथमहेश्वराय ।
मन्दारपुष्पबहुपुष्पसुपूजिताय तस्मै मकाराय नमः शिवाय।।

गंगा के जल रूपी चन्दन से चर्चित शरीर वाले, नन्दी तथा प्रमथगणों के स्वामी, मन्दार आदि प्रमुख पुष्यों से पूजित, भगवान् शिव को नमस्कार है, जो 'नमः शिवाय' में 'म' वर्ण स्वरूप हैं।

-शिव पंचाक्षर स्तोत्रम् २

भगवान शिव गौरवर्ण हैं। गौर वर्ण का क्या महत्त्व है? वे मौन रूप से यह शिक्षा देते हैं कि हमें हृदय राद्ध रखना चाहिए और विचार भी सद रखने चाहिए तथा कुटिलता, चतुराई, धूर्तता, ईर्ष्यों व पृणा इत्यादि से दूर रहना चाहिए।

वे अपने मस्तक पर विभूति की तीन रेखाएँ धारण किये रहते हैं। इसका क्या महत्त्व है? वे मौन रूप से यह शिक्षा देते हैं कि लोगों को तीनों अशुद्धियों (अहंता, सकाम कर्म और माया), तीनों एषणाओं (धन, घरा और नारी की एषणा), तथा तीनों वासनाओं (लोक वासना, देह वासना और शास्त्र वासना) को नष्ट कर देना चाहिए और फिर शुद्ध हुए हृदय के द्वारा उन्हें (भगवान् को) प्राप्त कर लेना चाहिए।

भगवान् शिव के परम पावन मन्दिर-गर्भगृह के समक्ष का बलिपीठ किसका द्योतक है? इसका अर्थ यह है कि हमें ईश्वर-प्राप्ति से पूर्व अपनी अहंता और ममता को नष्ट कर देना चाहिए।

शिवलिंग के समक्ष नन्दी क्या दर्शाता है? नन्दी शिव का द्वारपाल अथवा सेवक है। वह भगवान् शिव का वाहन है। वह सत्संग का प्रतीक है। यदि आप सन्तों का संग करेंगे, तो आपको भगवत् प्राप्ति अवश्य होगी। सन्त आपको उन

तक पहुँचने का पथ दशर्शायेंगे। वे आपके मार्ग में पड़े हुए पत्थरों या उलझनों को दूर कर देंगे और आपके हृदय में वैराग्य, विवेक तथा ज्ञान भर देंगे। निर्भयता और अमरत्व के दूसरे तह पा पहुँचने के लिए सत्संग से अधिक सुरक्षित नाव और कोई नहीं है। सांसारिक बुद्धि वाले व्यक्तियों और जिज्ञासुओं के लिए एक क्षण का मी सत्संग अथवा सन्तों का साथ एक महान् वरदान है। सत्संग के द्वारा उन्हें परमात्मा के अस्तित्व में दृढ़ विश्वास उत्पन्न होता है। सना सांसारिक संस्कारों को दूर करते हैं। सन्तों का सान्निध्य व्यक्ति की माया के आकर्षण से रक्षा करने के लिए एक दुर्जेय दुर्ग है।

भगवान् शिव परमात्मा के संहारकारी पक्ष का प्रतिनिधित्व करते हैं। वे कैलास पर्वत पर समाधिस्थ दिखायी देते हैं। वे पवित्रता, संसार के प्रति त्याग तथा विरक्ति के भाव की प्रतिमूर्ति हैं। उनके एप्तक के मध्य का तीसरा नेत्र विश्वसतक शक्ति का प्रतीक है जो जब भी खुलता है-ससार का विनाश कर देता है। नन्दी उनका विशेष प्रेम द्वारपाल है। वह समसति को मौन करवाता हुआ प्रतीत होता है जिससे कि भगवान् की समाधि में बाधा न हो। भगवान् के हाथ, दस नेत्र और दो हैं।

शिवाय गौरीवदनारविन्दसूर्याय दक्षाऽध्वरनाशकाय ।
श्री नीलकण्ठाय वृषध्वजाय तस्मै शिकाराय नमः शिवाय ।।

हे कल्याण स्वरूप ! पार्वती जी के मुखकमल को विकसित करने वाले सूर्य, दक्ष के यज्ञ के ध्वंसक, नीलकण्ठ, जिनकी ध्वजा में बैल का चिन्ह है, जो 'नमः शिवाय' में 'शि' वर्ण स्वरूप हैं, उन शिव को नमस्कार है।

-शिव पंचाक्षर स्तोत्रम् ३

वृषभ अथवा बैल धर्म देवता का प्रतीक है। भगवान् शिव बैल की सवारी करते हैं। पृषभ उनका वाहन है। यह सूचित करता है कि भगवान् शिव धर्म के रक्षक हैं; धर्म और धर्मपरायणता की प्रतिमूर्ति हैं।

'मृग' बेदों का प्रतीक है। इसकी चार टाँग चारों वेदों की प्रतीक हैं। भगवान् शिव ने अपने हाथ से मूग को पकड़ा हुआ है। यह प्रकट करता है। कि वे बेटों के प्रदाता ईश्वर है।

उनके एक हाथ में खड्ग है। यह प्रकट करता है कि वे जन्म-मरण का विनाश करते हैं। उनके एक हाथ में धारण की हुई अनि यह दर्शाती है कि ने जीवों के पापों को जला कर उनकी रक्षा करते हैं।

अभिषेक का दर्शन

वरदाता भगवान् शिव को प्रणाम है। उमापति को, पशुपति को, समस्त जीवों के नाथ को प्रणाम है!

"अलंकारप्रिय विष्णु, अभिषेक प्रिय शिव- भगवान् विष्णु को अलंकार (सुन्दर वस्त्र, आभूषण इत्यादि) अति प्रिय हैं। भगवान् शिव को अभिषेक प्रिय है।" भगवान शिव के मन्दिरों में एक ताँबे अथवा पीतल का पड़ा- जिसके मध्य में सुराख होता है- शिवमूर्ति या शिवलिंग के ऊपर लटकाया रहता है, जिसमें जल भरा होता है और यह जल सुराख में से मूर्ति के ऊपर रात्रि दिवस निरन्तर टपकता रहता है। शिवलिंग के ऊपर जल, दूध, घृत, मधु, नारियल पानी और पंचामृत इत्यादि चढ़ाना अभिषेक कहलाता है। अभिषेक भगवान् शिव के लिए होता है। अभिषेक के साथ-साथ रुद्री का पाठ होता है। भगवान् शिव अभिषेक से अत्यन्त सन्तुष्ट होते हैं।

भगवान् शिव ने समुद्र से निकलने वाले हलाहल का पान किया था और अपने मस्तिष्क को शीतल रखने के लिए गंगा और चन्द्रमा को शिर पर धारण कर लिया था। उनका तृतीय नेत्र अग्नि नेत्र है। निरन्तर अभिषेक से यह तीसरा नेत्र शान्त रहता है।

उच्चतम और महानतम अभिषेक तो हृदय में स्थित आत्मलिंग पर शुद्ध प्रेम रूपी जल चढ़ाना है। विभिन्न द्रव्यों द्वारा बाह्य अभिषेक से भगवान् के प्रति श्रद्धा और भक्ति विकसित होती है और यह अन्ततः शुद्ध प्रेम-प्रवाह से होने वाले आन्तरिक अभिषेक की ओर अग्रसर होती है।

वशिष्ठ कुम्भोद्भवगौतमार्यमुनीन्द्रदेवाऽर्चितशेखराय ।
चन्द्रार्कवैश्वानरलोचनाय तस्मै वकाराय नमः शिवाय ।।

वसिष्ठ, अगस्त्य और गोतम आदि श्रेष्ठ मुनियों तथा देवों से जिनका मस्तक पूजित है, चन्द्रमा, सूर्य और अग्नि जिनके नेत्र हैं, उन 'नमः शिवाय' में 'व' वर्ण स्वरूप शिव को नमस्कार है।

-शिव पंचाक्षर स्तोत्र ४

अभिषेक शिवोपासना का एक अंग है। अभिषेक के बिना शिवोपासना अधूरी है। अभिषेक के समय रुद्री, पुरुषसूक्त, चमकम् महामृत्युंजय जप इत्यादि का एक विशेष लय और विशेष ढंग से पाठ होता है। सोमवार और प्रदोष (त्रयोदशी) भगवान् शिव के विशेष और पवित्र दिन होते हैं। इन दिनों में शिव भक्त उनकी विशेष पूजा, एकादश रुद्री से अभिषेक, अर्चना, प्रसाद वितरण और दीप-प्रज्वलन करते हैं।

एकादश-रुद्र अभिषेक में, अभिषेक के लिए प्रत्येक रुद्र के साथ भिन्न-भिन्न द्रव्य से अभिषेक होता है। गंगाजल, दूप, पूत, मधु, गुलाब-जल, नारियल-जल, चन्दन, पंचामृत, सुगन्धित तेल, शर्करा रस व नींबू का रस इत्यादि द्रज्य अभिषेक में प्रयुक्त होते हैं। प्रत्येक अभिषेक के पश्चात् भगवान् के शीश पर शुद्ध जल चढ़ाया जाता है। जब रुद्र पाठ होता है, तो रुद्र के पद्य के बाद विभिन्न द्रव्य एक-एक करके अर्पित किये जाते हैं। अभिषेक जल अथवा अभिषेक में प्रयुक्त अन्य द्रव्य अत्यन्त पवित्र माने जाते हैं और जो भक्त इसे प्रसाद रूप में प्रहण करते हैं. उनके लिए यह अत्यन्त वरदायक होते हैं। यह हृदय को शुद्ध करके असंख्य पापों को नष्ट करते हैं। इन्हें बहुत भक्ति व भाव सहित प्रदान करना चाहिए।

जब आप भाव और भक्ति से अभिषेक करते हैं, तो आपका मन एकाग्र हो जाता है। आपका हृदय प्रभु की छवि से और दिव्य विचारों से भर जाता है। आप अपनी देह को, इसके सम्बन्धों को तथा बाह्य वातावरण को भूल जाते हैं। धीरे-धीरे अहं भाव नष्ट हो जाता है। जब यह विस्मृति हो जाती है, तब आपको भगवान् शिव की शाश्वत कृपा के आनन्द की अनुभूति आरम्भ होती है। रुद्र का पाठ अथवा ॐ नमः शिवाय का जप आपके मन को शुद्ध करके सत्व से परिपूर्ण कर देता है।

यदि आप किसी रोग से पीड़ित व्यक्ति के लिए रुद्र पाठ सहित अभिषेक करें, तो वह शीघ्र ही उस रोग से मुक्त हो जायेगा। अभिषेक द्वारा असाध्य रोग भी दूर हो जाते हैं। अभिषेक स्वास्थ्य, धन-सम्पदा, सन्तान इत्यादि प्रदान करता है। सोमवार को अभिषेक करना अत्यन्त शुभहोता है।

भगवान् को दूध, मधु, पंचामृत इत्यादि अर्पित करने से देहाध्यास समाप्त होता है। स्वार्थ भाव धीरे-धीरे नष्ट हो जाता है। आपको अत्यधिक आनन्द की प्राप्ति होती है। आप भगवान् को और अधिक अर्पण करना आरम्भ कर देते हैं। इस प्रकार आत्म-त्याग और आत्म-समर्पण सहज रूप से विकसित होने लगता है। आपके हृदय में ऐसे उद्गार 'मैं आपका हूँ प्रभु! मेरा सर्वस्व आपका है' प्रस्फुटित होने लगते हैं।

यक्षस्वरूपाय जटाधराय पिनाकहस्ताय सनातनाय ।
दिव्याय देवाय दिगम्बराय तस्मै यकाराय नमः शिवाय।।

यक्ष स्वरूप धारण करने वाले, जटाधारी, जिनके हाथ में 'पिनाक' नामक धनुष है, जो नित्य हैं, दिव्य है, दिगम्बर हैं, ऐसे उन 'नमः शिवाय' के 'य' वर्ण स्वरूप शिव को नमस्कार करता है।

-शिव पंचाक्षर स्तोत्रम् ५

कण्णप्प नयनार, जो कि एक शिकारी था किन्तु महान् शिव भक्त था, ने दक्षिण भारत में कालहस्ति में शिवलिंग पर अभिषेक के लिए अपने पुछ में जल भर कर अर्पित किया और भगवान् शिव को प्रसज कर लिया। भगवान् शिव शुद्ध भक्ति भाव से सन्तुष्ट होते हैं। मानसिक भाव का ही महत्व है, बाह्य प्रदर्शन का नहीं। भगवान् शिव ने मन्दिर के पुजारी से कहा- "मेरे भक्त कण्णप्प के मुख द्वारा अर्पित यह जल गंगा-जल मे भी अधिक पवित्र है।"

भक्त को भगवान् का अभिषेक नियमित रूप से करना चाहिए। उसे रुद्र और चमक कण्ठस्थ होने चाहिए। एकादश रुद्र अधिक प्रभावशाली है। उत्तर भारत में प्रत्येक सी और पुरुष एक लोटा जल शिवलिंग पर चढ़ाते हैं। यह भी लाभदायक है और कामनाओं की पूर्ति करने वाला है। शिवरात्रि को अभिषेक करने का अत्यधिक महत्त्व है। आप सब रुद्र पाठ करें, जिसमें भगवान् शिव की महिमा का वर्णन है। प्रत्येक जीव में, जड़-चेतन में उन्हीं के प्रकटीकरण की महिमा का वर्णन है। आप सब नित्य-प्रति अभिषेक करके भगवान् शिव के कृपापात्र बरें! भगवान् विश्वनाथ आप पर प्रसत्र हों।

पंचाक्षर का रहस्य

पंचाक्षर महामन्त्र है जो पाँच अक्षरों **नमः शि वा य**-से मिल कर बना है। मन्त्र वह होता है, जो उसे जपने और उस पर चिन्तन-मनन करने वाले की बाधाओं और कष्टों को दूर करता है तथा उस पर परमानन्द और अमरत्व की वृष्टि करता है। सात करोड़ मन्त्रों में से पंचाक्षर सर्वोपरि मन्त्र है। यजुर्वेद में सात स्कन्ध है। इसके मध्य के स्कन्ध के बिलकुल बीच में रुद्राध्यायी है। इस रुद्राध्यायी में एक सहख रुद्र मन्त्र है। इन एक सहस्र रुद्र मन्त्रों के मध्य में ’नमः शिवाय’ पंचाक्षर मन्त्र दीभिमान हो रहा है।

यजुर्वेद वेद पुरुष परमेश्वर का शीश है। इसके मध्य में स्थित रुद्रम् इसका मुख है, पंचाक्षर इनकी आँख है, शिव जो कि ’नमः शिवाय’ के मध्य में है, आँख की पुतली है। जो भी इस पंचाक्षर का जप करता है, वह जन्म-मरण के बन्धन से छूट जाता है और शाश्वत आनन्द प्राप्त करता है। यह वेदों की उद्घोषणा है। यह पंचाक्षर भगवान् की देह है। यह भगवान् शिव का निवास स्थान है। यदि आप ’नमः शिवाय” के साथ प्रारम्भ में ॐ भी लगा देते हैं, तो यह षडाक्षर मन्त्र बन जाता है। ’ॐ नमो महादेवाय’ अष्टाक्षर मन्त्र है।

पंचाक्षर छह प्रकार का है- (१) स्थूल पंचाक्षर **(नमः शिवाय)**, (२) मूक्ष्म पंचाक्षर **(शिवाय नमः)**, (३) कारण पंचाक्षर **(शिवाय शिव)**, (४) महाकारण पंचाक्षर **(शिवाय)**, (५) महामनु अथवा मुक्ति पंचाक्षर **(शि)**।

किं तस्य बहुभिर्मन्त्रैः किं तीर्थः किं तपोऽध्वरैः ।
यस्यों नमः शिवायेति मन्त्रो हृदयगोचरः ।।

जिसके हृदय में ’ॐ नमः शिवाय - यह मन्त्र निवास करता है, उसके लिए बहुत से मन्त्र, तीर्थ, तप और यज्ञों की क्या आवश्यकता है।

-स्कन्दपुराण

”नमः’ का अर्थ है-साशंग प्रणिपात। ’शिवाय नमः’ का अर्थ है- भगवान् शिव को साहांग प्रणाम। देह-दृष्टि से जीव भगवान् शिव का दास है। ’नमः’ जीवात्मा का परिचायक है। ’शिव’ परमात्मा का द्योतक है। अतः ’शिवाय नमः’ उसी प्रकार महावाक्य है जैसे ’तत् त्वम् असि’ है जो जीवात्मा और परमात्मा की एकता का द्योतक है।

भगवान् रूपी धान का ॐ बाह्य रूप (छिलका) है और पंचाक्षर भीतरी भाग (चावल) है। प्रणव और पंचाक्षर एक ही हैं। पाँच अक्षर भगवान् के पाँच कृत्यों-सृष्टि, स्थिति, संहार, तिरोधान और अनुग्रह के परिचायक हैं। यह ’पाँच महाभूतों’ और उनके मिश्रण से रचित समस्त सृष्टि के भी द्योतक हैं। ’न’ तिरोधान का सूचक है; ’मः’ मल अथवा अशुद्धि का, ’शि’ भगवान् ’शिव’ का, ’या’ शक्ति का और ’य’ जीवात्मा का द्योतक है।

स्नान करें, अथवा अपना मुँह, हाथ और पैर धो लें। भस्म और रुद्राक्ष माला धारण कर लें। उत्तर अथवा पूर्व दिशा की ओर मुख करके, शान्त एकान्त स्थान में पद्मासन अथवा मुखासन में बैठ जायें। मौन रहते हुए पंचाक्षर जप करें और भगवान् शिव पर ध्यान केन्द्रित करें। भगवान् के स्वरूप को हृदय में अथवा त्रिकुटी के बीच स्थित करें।

यदि आप नियमित रूप से ध्यान का अभ्यास करेंगे, तो आपका हृदय शुद्ध हो जायेगा। समस्त पाप और संस्कार पूर्णतया भस्मीभूत हो जायेंगे। आप शिव-योग-निष्ठा अथवा निर्विकल्प समाधि प्राप्त करेंगे। आपको महिमामय शिव-पद अथवा महिमामयी शिव-गति की प्राप्ति होगी और आप भगवान् शिव के साथ एक हो जायेंगे। आप शिवानन्द का शाश्वत आनन्द भोगेंगे तथा अमरत्व प्राप्त करेंगे। भगवान् शिव आप सब पर कृपा करें !

तस्मात् सर्वप्रदो मन्त्रः सोऽयं पञ्चाक्षरः स्मृतः ।
स्त्रीभिः शूद्रेश्च संकीर्णैर्धार्यते मुक्तिकाङ्क्षिभिः ।।

अतः यह पञ्चाक्षर (नमः शिवाय) मन्त्र सब कुछ देने वाला माना गया है। इसे मोक्ष की अभिलाषा रखने वाले खी-समुदाय, शुद्र और वर्णसंकर सभी धारण कर सकते हैं।

-स्कन्दपुराण

भगवान् विश्वनाथ की सच्ची अर्चना

श्री स्वामी चिदानन्द जी महाराज

पूजनीय सर्वोच्च शाश्वत अलौकिक सत्य जो विश्वनाथ मन्दिर में भगवान् विश्वनाथ के रूप में प्रकट हुए हैं, उन्हें बद्धापूर्वक नमन ईश्वर करे भगवान् विश्वनाथ जिनकी प्राण-प्रतिष्ठा १९४३ में प्रिय पूज्यनीय पावन गुरुदेव श्री स्वामी शिवानन्द जी महाराज ने की थी, उसके वार्षिक उत्सव पर भगवान् विश्वनाथ के प्रकट रूप की सर्वोच्च कृपा हम सबके ऊपर हो। उनका आशीर्वाद आपको यह आभास कराने बोग्य बनाये कि आप ईश्वर को अपने शरीर रूपी मन्दिर, में बाहय मन्दिर के ईश्वर की पूजा के माध्यम से अनुभव कर सकें। तभी बाहय मन्दिर में पूजा की सार्थकता है।

ते धन्यास्ते महात्मानः कृतकृत्यस्ते एव हि ।
द्वयक्षरं नाम येषां वै जिहवाग्रे संस्थितं सदा ।।

जिनकी जिहवाके अग्रभागपर सदा भगवान् शंकर का दो अक्षरों वाला नाम (शिव) विराजमान रहता है, वे धन्य हैं, वे महात्मा पुरुष हैं तथा वे ही कृतकृत्य हैं।

-स्कन्दपुराण

यह शरीर भगवान् का पावन मन्दिर है। यह शरीर शाश्वत सत्ता कर चलता-फिरता जीवन्त मन्दिर है। ईश्वर आप सबके अन्तरतम में आत्म सत्य के रूप में बैठे हुए हैं। अन्तर्निहित आत्म-तत्व के रूप में भगवान् आपके भीतर विराजमान हैं। आपका आत्म-तत्व क्षुद्र अनित्य व्यक्तित्व नहीं है जो 'मैं' उपाधि से युक्त नाम, रूप, शरीर और वेश वाला है और जो इच्छा अनिच्छा, आसक्ति-अनासक्ति से जुड़ा हुआ है।

जब तक मनुष्य इस अनात्म-तत्व के साथ तद्रूपता का विच्छेद नहीं करता, कठोर अभ्यास, अनवरत प्रतिज्ञा (दृद-निश्चय) और सतत सक्रिय दैनिक विवेक द्वारा 'अहं' भाव से ऊपर नहीं उठता, तो इस भौतिक जीवन में साक्षात्कार असम्भव है। क्योंकि शरीर में सत्य का आभास अपने केन्द्र-बिन्दु से हटने के समान है। शरीर को सत्य मान कर हमारा मन पहले से ही बहिर्मुखी हो चुका है। बहिर्मुखी होने के लिए उसे आपके शरीर से परे बाह्य जगत् में जाने की आवश्यकता नहीं है। अपने चारों ओर के जगत् की विस्मृति होने पर भी यदि आपका मन बाहर जाता है, शरीर को देखता है और उसे सत्य मानता है, तो मन पूर्वतः ही बहिर्मुखी है; क्योंकि शरीर आपसे बाह्य है।

आप शरीर के अभ्यन्तर वासी हो। देह का विचार ही उस (आत्म-तत्त्व) से पृथक् है, बाहर है। जब आप शरीर के प्रति जागृत हो जाते हो और आपकी चेतना देहाध्यास की स्थिति में आ जाती है, तब आप आत्म-केन्द्रित, आत्मस्थ नहीं हो सकते हैं। आप कुछ भी न सोच रहे हो; किन्तु चेतना यदि इस अवस्था में है कि 'मैं यह हैं', तो आप पहले ही बहिर्मुखी हो चुके हो। अतः आपकी चेतना की समग्रता अभ्यन्तर सत्य में लीन होनी चाहिए।

विश्वनाथ मन्दिर भले ही आपके लिए बाहर हो; पर विश्वनाथ आपके अन्तर में निवास करते हैं। "सदा बसन्तं हृदयारविन्दे भवं भवानि सहितं नमामि " मैं भगवान् शिव और उनकी ब्रह्माण्डीय आद्य शक्ति के प्रति नमित हूँ जो सदा मेरे हृदय में निवास करते हैं। इसीलिए विश्वनाथ, विश्वनाथ मन्दिर में नहीं बसते हैं। विश्वनाथ आपकी अन्तरतम आत्मा के रूप में आपके भीतर निवास करते हैं। "हे अर्जुन! मैं सभी प्राणियों के हृदय में निवास करता हूँ।"

ईश्वर को अपने अन्दर बसने वाले सत्य के रूप में अनुभव करो। अनुभव करो कि आपका शरीर चलता-फिरता मन्दिर है और अपने शरीर-मन्दिर में बैठे हुए प्रभु की पूजा ध्यान, प्रार्थना, मौन, जप द्वारा करो। आपके आन्तरिक केन्द्र जहाँ वे बैठे हैं, उस स्थान की मलिनता को जी उनके अनुकूल नहीं है, साफ कर दो। वास्तविक आत्मा को अपने से अलग न मान कर अपने-आपको पवित्रता के भाव से भर दो। यह घोषित किया जा चुका है कि यह शरीर भगवान् का निवास स्थान है और निश्चित रूप से आप उस अन्तस्थ सत्य के तद्रूप हो। आप उनका अनुभव नहीं कर पाते हो; क्योंकि आपके मन में बहुत कुछ ऐसा है जो स्वच्छ, पावन और पवित्र नहीं है।

शिव इत्यक्षरं नाम यैरुदीरितमद्य वै ।

ते वै मनुष्यरूपेण रुद्राः स्युर्नात्र संशयः ।।

आज भी जिन्होंने 'शिव' इस अविनाशी नाम का उच्चारण किया है, वे निश्चय ही मनुष्यरूप में रुद्र हैं इसमें संशय नहीं है।

-स्कन्दपुराण

उसे हटाने की आवश्यकता है, जो उनकी उपस्थिति के अनुकूल नहीं है। इसलिए अपवित्र को हटा कर उनकी पूजा करो। मन्दिर का पुजारी भी प्रतिदिन यही करता है, जब वह मन्दिर में प्रवेश करता है तो पूर्व-दिवस के पूजा के अवशेष हटाता है।

इसीलिए गुरुदेव तथा अन्य अनेकों महान् आत्माओं ने ईश्वरोपलब्धि के पथ पर जाने के लिए कहा है- "पवित्रता, एकाग्रता, ध्यान द्वारा साक्षात्कार करो।" पवित्रीकरण के लिए आदि शंकराचार्य ने कहा है- "पहले अपने मल को दूर करो, उसके बाद विक्षेप, फिर आवरण दूर करो।" उपवास, विभिन्न स्तरों पर आत्म-शुद्धि की प्रक्रिया में प्रार्थना, व्रत, मिताहार, सादगी, संयम, तप करने का यही महत्त्व है।

अपने-आपको शुद्ध करके, एकाग्र भाव से ध्यान करके उन्हें प्राप्त करो। अपनी सारी अपवित्रताओं को दूर करके उनके इस जीवित जागृत मन्दिर में उनकी पूजा करो। उनकी उपस्थिति का अनुभव करो। उनका ध्यान करके सबसे उच्च प्रकार की पूजा करो। उनके नाम का जा करके, उनका स्मरण करके, मन-मन्दिर शुद्ध रख कर, उन्हें सभी नाम-रूपों में देख कर उन सबका समान रूप से आदर करो।

सांकेत्यं पारिहास्यं वा स्तोभं हेलनमेव वा।

वैकुण्ठनामग्रहणमशेषाघहरं विदुः ।।

संकेत में, हँसी-मजाक में तथा अवहेलनापूर्वक भी जो भगवान् का नाम लेता है तो नाम सब पापों का नाश कर देता है।

-श्रीमद्भागवत ६.२.१४

आज के दिन की पूजा, वर्ष में एक बार होने पर भी आपके मन में वह भाव जगाती है, जागरूकता की ऐसी दृष्टि लाती है, ईश्वर करे कि यह जागरूकता, यह भाव आने वाले वर्ष के बारहों महीने आपके मन में बना रहे। वर्ष भर आपका मन ईश्वर के प्रति जागरूक बना रहे। पूजनीय गुरुदेव श्री स्वामी शिवानन्द जी महाराज के हाथों भगवान् की प्राण-प्रतिष्ठा के वार्षिक उत्सव में सम्मिलित होने का प्रभाव आप पर पड़े।

हमें सदा इस बात को स्मरण रखना चाहिए कि भीतर बैठे भगवान् की पूजा के लिए कोई समय, दिशा, प्रतिबन्ध तथा पूर्व-अनुकूलता की आवश्यकता नहीं है। इसलिए हर समय, सभी परिस्थितियों में, बिना किसी प्रतिबन्ध के आप उनकी पूजा कर सकते हैं; क्योंकि जहाँ आप है, वह भी सदा वहाँ हैं। वह नित्य रूप से अनित्य शरीर में हैं। हर शरीर में अक्षर का निवास है।

इस जागृति में रहना मानो मन्दिर में रहना है जो सदा पावन स्थल है। ”आराध्य सर्वव्यापक देव! आशीर्वाद दीजिए कि हम यहीं अभी आपकी विद्यमानता का अनुभव कर सकें। आपसे यही प्रार्थना है।”

सर्वेषामपि पुण्यानां सर्वेषां श्रेयसामपि।
सर्वेषामपि यज्ञानां जपयज्ञः परः स्मृतः ।।

समस्त पुण्यों, श्रेय के सम्पूर्ण साधनों और समस्त यज्ञों में जपयज्ञ को ही सर्वोत्तम माना गया है।

-स्कन्दपुराण



श्री विश्वनाथ मन्दिर

श्री स्वामी शिवानन्द जी महाराज

वंशी बजाते, मन को लुभाते, मुरली मनोहर हैं सुशोभित,

समक्ष ही भगवान् विश्वनाथ जी सुप्रतिष्ठितः

मुरली धुन श्रवण कर जो रहते आह्लादित,
नन्दी भी प्रतिहारी रूप में होते प्रफुल्लित ।।

दक्षिण पाश्वं में अम्बे पार्वती जी निवेदित मुद्रा में प्रमुदित,
वाम भाग में विराजे गणेश जी करते आशीर्वादित ।।

श्री राम और सीता जी सम्मोहित,
दायीं ओर हैं शोभान्वित ।
श्री लक्ष्मण हनुमान बायीं ओर उल्लसित,
सतत सतर्क सेवा भाव में समर्पित ।।

मन्दिर के रावल (पुजारी) हैं मस्त,
रुद्री-चमक के सस्वर पाठन में,
सहायक रावल तत्परता से रत,
दीप-प्रज्वलन, आरती की तैयारी में।।

'शिवा' हैं आनन्द विभोर कीर्तन में,
साधक-उपासक सोल्लास घंटी घंटा बजाने में।।

समस्त भक्त जन प्रसाद और दिव्य आनन्द में आनन्दित,
मन्दिर- महिमा का गौरव है अवर्णनीय, शब्दातीत ।
आएँ आप भी हों महिमान्वित,
मंगल आशीष । अभिनन्दन। सब हैं निमन्त्रित अभिवन्दित ।।

कृष्णकृष्णेति कृष्णेति नित्यं जपति यो जनः।

तस्य प्रीतिः कलौ नित्यं कृष्णस्योपरि वर्द्धते ।।

जो मनुष्य नित्य 'कृष्ण, कृष्ण, कृष्ण' का जप करता है, कलियुग में भगवान् श्रीकृष्ण के प्रति उसका प्रेम निरन्तर बढ़ता है।

-स्कन्दपुराण

संकीर्तनध्वनिं श्रुत्वा ये च नृत्यन्ति मानवाः ।

तेषां पादजः स्पर्शात्सद्यः पूता वसुन्धरा ।।

जो भगवन्नाम की ध्वनि को सुन कर प्रेम में तन्मय हो कर नृत्य करते हैं, उनकी चरण रज से पृथ्वी शीघ्र ही पवित्र हो जाती है।

-बृहद् नारदीय पुराण

गुरुर्ब्रह्मा गुरुर्विष्णुर्गुरुर्देवो महेश्वरः।
गुरुः साक्षात् परं ब्रह्म तस्मै श्रीगुरवे नमः।।


ॐ
8th August 1941.
Beloved Govind,
Kirtan is singing Lord's name.
It is the easiest, surest and
safest way for attaining God.
Kirtan is nectar. Kirtan
is divine food for the soul.
Kirtan can make you
immortal.
Sing the Maha-Mantra,
Hare Rama Hare Rama Rama
Rama Hare Hare,
Hare Krishna Hare Krishna
Krishna Krishna Hare Hare.
May you attain God through
Kirtan.
Sivananda
SERVE LOVE MEDITATE REALIZE
THE DIVINE LIFE SOCIETY
A DIVINE LIFE SOCIETY PUBLICATION